संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, बुधवार 29 जुलाई 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 210 पृष्ठ: 08 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

किसानों का भोपाल कूच: बैरिकेड तोड़े, वैकल्पिक रास्ता चुना, 500 से ज्यादा अन्नदाता पैदल निकले: आठ सूत्रीय मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का आंदोलन

केंद्र सरकार ने एक प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया: अखिलेश यादव

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। लोकसभा में पेपर लीक रोकने से जुड़े संशोधन विधेयक पर हुई लंबी चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख सांसद अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ हुए छात्र आंदोलन का नतीजा बताया। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने एक प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया। उन्होंने दावा किया कि करोड़ों युवाओं के दबाव के कारण सरकार को झुकना पड़ा और अब सरकार को आंदोलन के दौरान किए गए सभी आश्वासन भी सार्वजनिक करने चाहिए।

कसा तंज

करोड़ों युवाओं के दबाव के कारण सरकार को झुकना पड़ा और अब सभी आश्वासन भी सार्वजनिक करने चाहिए

अखिलेश यादव ने कहा कि वह शुरू से इस आंदोलन को देख रहे थे। उनके मुताबिक, आंदोलन के बाद एक नारा सबसे ज्यादा सुनाई दिया कि सरकार को लगता था वह कभी नहीं झुकेगी, लेकिन युवाओं ने साबित कर दिया कि झुकाने वाला चाहिए, सरकार भी झुकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारियों की पहली बड़ी मांग स्वीकार करते हुए धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लिया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने अन्य मांगों पर भी सहमति बनाई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया जा रहा कि उन आश्वासनों को संसद के सामने क्यों नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब धर्मेंद्र प्रधान मंत्री पद छोड़ने के बाद संसद पहुंचे तो उनका स्वागत हुआ, लेकिन इस फैसले से सदन के कई सदस्यों ने राहत की सांस ली होगी। क्या छात्र आंदोलन ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया?

अखिलेश यादव ने कहा कि यह पहला ऐसा छात्र आंदोलन था, जिसमें केवल छात्र ही नहीं बल्कि उनके माता-पिता भी खुलकर साथ आए।

फास्ट न्यूज

अगले 6 दिनों तक भारी वर्षा से राहत के आसार नहीं

नई दिल्ली। देश के पूर्वोत्तर और पश्चिमी क्षेत्रों को अगले 5-6 दिनों तक मूसलाधार वर्षा से राहत नहीं मिलने के आसार हैं। बचाव टीमें संभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से दोपहर के बीच कई जगहों पर हल्की और कुछ जगहों पर मध्यम बारिश होने के आसार हैं। रात में भी बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। तेज रफ्तार हवाएं भी चलने की संभावना है। इस दिन का अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 32-34 डिग्री सेल्सियस और 22-24 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। 30 एवं 31 जुलाई को भी यही स्थिति बनी रहेगी लेकिन इन दोनों दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव बने रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी ओडिशा के अंदरूनी इलाकों और उससे सटे गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल पर बने गहरे दबाव के असर से छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश में 29 जुलाई, पश्चिमी मध्य प्रदेश में 30 जुलाई और गुजरात क्षेत्र में 31 जुलाई को कहीं-कहीं बहुत अधिक बारिश (21 सेमी) होने की संभावना है। देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पूर्वी क्षेत्र, पूर्वोत्तर क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र और दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्रों के अलग-अलग स्थानों में अगले 5-6 दिनों के दौरान बहुत अधिक बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है।

जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

टोक्यो। जापान के क्यूशू द्वीप के कुमामोटो इलाके में मंगलवार को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें कई लोगों के घायल होने की आशंका है। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार शाम 4:27 बजे आए इस भूकंप का केंद्र कुमामोटो प्रांत में लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

पेपर लीक, नकल माफिया और दोषी संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की तैयारी, सजा और जुर्माने में होगा बड़ा इजाफा

परीक्षाओं में नकल पर अब और कड़ा शिकंजा, संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश

संसद में चर्चा

अधिकतम सजा 10 वर्ष तक और जुर्माना 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये तक

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने लोक परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल और अन्य अनुचित साधनों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने विधेयक पर विचार करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि वर्ष 2024 में लागू कानून को और अधिक प्रभावी एवं कठोर बनाने के लिए यह संशोधन लाया गया है, ताकि देश के करोड़ों विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

पेपर लीक की घटनाओं से मिली सीख

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं की घटनाएं किसी एक राज्य या सरकार तक सीमित नहीं रही हैं। उन्होंने रेलवे भर्ती बोर्ड, अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, एम्स, तमिलनाडु लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश बीएड प्रवेश परीक्षा तथा पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा सहित कई मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं से मिले अनुभवों के आधार पर वर्ष 2024 में व्यापक कानून बनाया गया था। अब समय की जरूरत को देखते हुए उसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संशोधन प्रस्तावित किया गया है।

प्रमुख राष्ट्रीय परीक्षाएं पहले से कानून के दायरे में

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024 का कानून संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) जैसी प्रमुख संस्थाओं की परीक्षाओं पर लागू किया गया था। इसके तहत परीक्षा संबंधी अपराधों को संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-समझौता योग्य बनाया गया था, ताकि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

सजा और जुर्माने में बड़ा इजाफा

संशोधन विधेयक के तहत परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने वालों के लिए न्यूनतम सजा तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने तथा अधिकतम सजा दस वर्ष तक करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके साथ ही अधिकतम जुर्माना लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये तक करने का प्रावधान किया गया है। सरकार का मानना है कि कठोर दंड से परीक्षा माफिया और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

सेवा प्रदाताओं और कंपनियों पर भी होगी कार्रवाई

सेवा प्रदाताओं की परिभाषा का विस्तार करते हुए परीक्षा आयोजन से जुड़े संस्थानों, कंपनियों, साझेदारी फर्मों, ठेकेदारों और तकनीकी सेवा प्रदाताओं को भी कानून के दायरे में शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। यदि कोई संस्था दोषी पाई जाती है तो उस पर अधिकतम पांच करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा।

पीएम को कैमरे का नहीं, दिल का एंगल बदलना पड़ेगा: प्रियंका

लोकसभा में मंगलवार को पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। संसद में प्रियंका गांधी ने कहा कि बच्चों पर लाठियां किसके आदेश पर चलाए गए, यह सवाल पूरा देश पूछ रहा है, अध्यापक, छात्र, माता-पिता पूछ रहे हैं सिर्फ कांग्रेस नहीं पूछ रही है। ये सदन सांसदों की जागीर नहीं है। मंगलवार को संसद में प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन की शुरूआत एक घटना से की । जब मैं एक घायल छात्रा से मिलने गए, तो उसकी मां बोली- सुबह से बड़े-बड़े नेता आए। वह भी आए जिनकी वजह से बेटी का यह हाल हुआ। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं- क्या जरूरत थी, बच्ची पर ज्यादती करने की। देश के युवाओं पर पैलेट गन चलवाने की क्या जरूरत थी।

छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है?- प्रियंका

प्रियंका गांधी वाड्रा ने छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने छात्रों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया। छात्रों पर आंसू गैस के गोले क्यों छोड़े गए और लाठीचार्ज क्यों किया गया। क्या छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है?

आईसीजी ने महिलाओं को बराबर मौके देने के लिए शुरू किया 'जेंडर न्यूट्रल फ्रेमवर्क'।

पेपर लीक पर संशोधन विधेयक से शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधरेगी: गौरव गोगोई

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर शिक्षा व्यवस्था की मूल समस्याओं से ध्यान हटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केवल कानूनों में संशोधन करने से परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं होगा। सरकार को परीक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को दूर करने और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार नए कानून लाने के बजाय परीक्षा प्रणाली की खामियों को दूर करने पर ध्यान दे।

उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब तक परीक्षा संस्थानों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक वास्तविक सुधार संभव नहीं है।

दिल्ली की महिलाओं को हर महीने मिलेगी 2500 रूपए

लक्ष्मी योजना

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में कैबिनेट ने योजना को मंजूरी दी।

1 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन पोर्टल शुरू होगा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'दिल्ली लक्ष्मी योजना' को कैबिनेट की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस बहुप्रतीक्षित योजना पर मुहर लगी। इसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 की सम्मान राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह दिल्ली की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान महिलाओं से किया गया वादा अब पूरा हो गया है और सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

शिक्षकों को बीएलओ बनाया जा सकता है लेकिन उन पर अनावश्यक दबाव न हो: कोर्ट

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि दिल्ली में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचन आयोग स्कूलों के शिक्षकों को बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) के रुप में तैनात कर सकता है लेकिन इससे शिक्षकों के ऊपर अनावश्यक तनाव नहीं होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने मंगलवार को ये टिप्पणी की। मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान स्कूलों के शिक्षकों की तैनाती करते समय शिक्षा के अधिकार कानून के प्रावधानों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। वो किसी भी शिक्षक को स्कूल के टाइम में उनकी कोई सेवा नहीं लेगा।

भारत की पाकिस्तान को दो टूक, खारिज किए पीओजेके के चुनाव

कड़ी प्रतिक्रिया

भारत ने चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं और यह पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की है

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इन चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं और यह पूरी कवायद पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश है। रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश, जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जो इस समय पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे में हैं, भारत के अभिन्न अंग हैं।" विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "यह मौजूदा दिखावटी चुनावी प्रक्रिया पाकिस्तान के अवैध कब्जे पर पर्दा डालने और क्षेत्र में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को छिपाने की एक कोशिश मात्र है।"

प्रकृति संरक्षण में ही मानवता का कल्याण निहित: प्रधानमंत्री मोदी

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रकृति के संरक्षण और उसके सम्मान को मानवता के कल्याण का आधार बताते हुए मंगलवार को एक्स पर सुभाषितम् साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा मनुष्य को प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीने की प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री ने लिखा, "प्रकृति के संरक्षण और सम्मान में ही मानवता का कल्याण निहित है। वह सुभाषितम् है,

"लोकपालाश्च ते सर्वे वासवप्रमुखास्तथा।
ऋतवः षट् च ते सर्वे मासाः संवत्सराः क्षपाः॥
दिनानि च मुहूर्ताश्च स्वस्ति कुर्वन्तु ते सदा।
श्रुतिः स्मृतिश्च धर्मश्च पातु त्वां पुत्र सर्वतः॥"

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के लिए आदर्श वातावरण : मुख्यमंत्री, बीसीएस के स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

पांच वर्षों में सीबीएसई स्कूल राज्य के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में होंगे शामिल: मुख्यमंत्री

नामांकन

सरकारी विद्यालयों में 24,000 से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ा है

टीम एक्शन इंडिया
पंकज शर्मा

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में सीबीएसई से संबद्ध सरकारी विद्यालय आगामी पांच वर्षों में राज्य के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों के रूप में उभरेंगे। मुख्यमंत्री ने आज शिमला स्थित बिशप कॉटन स्कूल (बीसीएस) के स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना है। इसी दृष्टिकोण के तहत सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम शुरू किया गया है तथा 156 सरकारी विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध किया गया है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और सरकारी विद्यालयों में 24,000 से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा के आदर्श केन्द्र के रूप में स्थापित हो रहा है क्योंकि यहां के शैक्षणिक वातावरण में विद्यार्थियों को आगे बढ? के लिए श्रेष्ठ अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिशप कॉटन स्कूल केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि उत्कृष्टता, नेतृत्व, अनुशासन और चरित्र निर्माण की जीवंत परंपरा का प्रतीक है। इस संस्थान ने पीढ़ि?यों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की एक मिसाल कायम की है।

उन्होंने इस संस्थान से जुड़े व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन के दौरान बिशप कॉटन स्कूल में वे कई बार क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आए थे, इसलिए इस विद्यालय से उनका विशेष जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी शिमला के प्रतिष्ठित संस्थानों की बात होती है, तो बिशप कॉटन स्कूल का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। इस विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिवार को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर केवल विद्यालय की स्थापना का उत्सव नहीं है, बल्कि उन शाश्वत मूल्यों को स्मरण करने का भी अवसर है जिन पर इस महान संस्थान की नींव रखी गई थी। उन्होंने कहा कि समय परिवर्तनशील है और बदलते समय के साथ-साथ नित नई तकनीकें विकसित हो रही हैं। वर्तमान में ईमानदारी, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और सेवा जैसे मूल्यों की प्रासंगिकता बढ़ी है।

असम में बाढ़ की स्थिति पर प्रधानमंत्री मोदी से मिले सांसद, राहत कार्यों की समीक्षा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। असम के सांसदों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात कर राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के उपायों पर चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री ने राहत कार्यों का दिया भरोसा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि उन्होंने असम के सांसदों के साथ राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, असम सरकार के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने प्रभावित लोगों की सुरक्षा और कुशलक्षेम की भी कामना की।

लगातार बारिश से पूर्वोत्तर में हालात गंभीर

पिछले कई दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के कारण पूर्वोत्तर भारत के कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। असम के अनेक जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए हैं और कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। बाढ़ के कारण सामान्य जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

उत्तर भारत
ACTION INDIA
ऊना, 29 जुलाई 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

नौकरी ढूंढ़ने नहीं, नौकरी देने की सोच पैदा कर रहा 'यूथ अड्डा'

'यूथ अड्डा' के जरिए नई पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी सरकार, युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने के लिए की गई महत्वपूर्ण पहल, नई पीढ़ी की बदलती आकांक्षाओं को पहचानकर सीएम योगी ने उठाया दूरदर्शी कदम, युवाओं के लिए उद्यमिता का नया इकोसिस्टम तैयार करना है योगी सरकार की पहल का उद्देश्य, यूथ अड्डा को प्रदेश भर में उद्यमिता के एक सशक्त मंच के रूप में विकसित कर रहा यूपीकॉन

अभिनव

युवाओं को उद्यमी बनाने की सोच के साथ सीएम युवा और यूथ अड्डा जैसी अभिनव अवधारणा को विकसित किया

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊः आज की जेनरेशन जेड पारंपरिक नौकरी की तलाश तक सीमित नहीं रहना चाहती। यह पीढ़ी नवाचार, तकनीक, स्टार्टअप, डिजिटल बिजनेस और आत्मनिर्भरता में अपना भविष्य देखती है। जिन युवाओं का जन्म 1997 के बाद हुआ, वे इंटरनेट, स्मार्टफोन और डिजिटल तकनीक के साथ बड़े हुए हैं। ऐसे में उन्हें केवल रोजगार नहीं, बल्कि अवसर, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और उद्यमिता का पूरा इकोसिस्टम चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी बदलते सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को बहुत पहले समझ लिया था। यही कारण है कि प्रदेश सरकार ने केवल रोजगार योजनाओं तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि युवाओं को उद्यमी बनाने की सोच के साथ सीएम युवा और यूथ अड्डा जैसी अभिनव अवधारणा को विकसित किया। इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने वाले से आगे बढ़ाकर रोजगार सृजित करने वाला बनाना है।

इस पहल का उद्देश्य केवल वित्तीय सहायता देना नहीं, बल्कि विचार, कौशल, तकनीक, मार्गदर्शन और बाजार सभी को एक मंच पर उपलब्ध करवा कर युवाओं के लिए उद्यमिता का नया इकोसिस्टम तैयार करना है। आज का युवा केवल ऋण या अनुदान नहीं चाहता। वह चाहता है कि कोई उसके विचार को समझे, बिजनेस मॉडल बनाने में मदद करे, अनुभवी मेंटर्स से जोड़े, बैंकिंग प्रक्रिया आसान बनाए और बाजार तक पहुंच दिलाए। इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यूथ अड्डा को पारंपरिक प्रशिक्षण केंद्र के बजाय एक समग्र उद्यमिता इकोसिस्टम के रूप में विकसित किया गया है।

यहां बिजनेस आइडिया से लेकर वित्तीय सहायता, तकनीकी प्रशिक्षण, डिजिटल मार्केटिंग, फ्रेंचाइजी मॉडल, सरकारी योजनाओं की जानकारी और अनुभवी उद्यमियों का मार्गदर्शन सब कुछ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है।

योगी सरकार की उपलब्धिः 7 लाख से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने में यूपी दूसरे स्थान पर

लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। राज्य ने इस महत्वाकांक्षी योजना को केवल एक सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। यूपीनेडा, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, सभी डिस्कॉम, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बैंकिंग संस्थानों, जनपदीय प्रशासन, विद्युत विभाग, सौर ऊर्जा उद्योग तथा अन्य हितधारकों के समन्वित प्रयासों से उत्तर प्रदेश आज देश के अग्रणी रूफटॉप सोलर राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गुजरात के बाद 7 लाख से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने वाला भारत का दूसरा राज्य बन गया है।

जुलाई 2026 तक राज्य में 11,58,183 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि 7,03,661 से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन संयंत्रों के माध्यम से 2371.14 मेगावाट से अधिक स्वच्छ ऊर्जा क्षमता विकसित की जा चुकी है। केवल ढाई वर्षों में प्राप्त यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की दूरदर्शी नीतियों, प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल पारदर्शिता, सुदृढ़ संस्थागत समन्वय तथा प्रदेशवासियों की बढ़ती सहभागिता का प्रमाण है।

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही आकर्षक सब्सिडी, सरल ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, पारदर्शी पोर्टल आधारित मॉनिटरिंग तथा मजबूत कार्यान्वयन व्यवस्था ने योजना को अभूतपूर्व गति प्रदान की है।

जेई-एईएस को लेकर अलर्ट हुई योगी सरकार, प्रभावित हर गांव तक पहुंचेगा स्वच्छ पेयजल

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊः उत्तर प्रदेश में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के संकल्प को और गति देते हुए योगी सरकार ने जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) प्रभावित गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करने का खाका तैयार किया है। इसी क्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन प्रभावित गांवों में अभी तक नल से जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है, वहां 24 घंटे में तीन शिफ्टों में काम पूरा कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर प्रभावित गांव तक सुरक्षित पेयजल पहुंचे, जिससे जलजनित बीमारियों की रोकथाम के साथ ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके।

गुणवत्ता और समयबद्धता पर सरकार का फोकस

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जलापूर्ति से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

क्षतिग्रस्त सड़कों की तुरंत मरम्मत कराने के निर्देश

जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को नियमित रूप से गांवों का भ्रमण कर पेयजल योजनाओं की प्रगति की निगरानी करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सिंगल विलेज योजनाओं के सभी लंबित कार्य तय समय में पूरे किए जाएं। पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की तुरंत मरम्मत कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी, सड़क मरम्मत या अन्य कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सरकार ने किसानों को दिलाया भरोसा- परेशान न हों, प्रदेश में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार वर्तमान खरीफ सीजन में मुख्य फसल धान की रोपाई और अन्य फसलों की बुवाई के उपरांत किसानों को फसल संस्तुति के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि परेशान न हों, प्रदेश में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि व संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भ्रामक सूचनाओं व अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से उर्वरक भंडारण न करें। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक उर्वरक उपलब्ध कराए गए हैं। किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

प्रदेश में पर्याप्त उर्वरक उपलब्धः कृषि मंत्री

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश में किसानों के लिए उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

खरीफ सीजन- 2026 के तहत सोमवार (27 जुलाई) तक कुल 28.25 लाख मीट्रिक टन उर्वरक बिक्री की जा चुकी है, जबकि 29.05 लाख मीट्रिक टन उर्वरक अब भी उपलब्ध है। सरकार किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा के कॉलेजों में पीजी के दाखिलों का नया कार्यक्रम जारी

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़। हरियाणा में स्नातकोत्तर (पीजी) प्रथम वर्ष के दाखिलों को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने संशोधित प्रवेश कार्यक्रम जारी कर दिया है। नए शेड्यूल के तहत अब मेरिट सूची, फीस जमा करने और फिजिकल काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से अगस्त माह में पूरी होगी। विभाग ने सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों को संशोधित कार्यक्रम का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। नए कार्यक्रम का उद्देश्य दस्तावेज सत्यापन, आपत्तियों के निस्तारण और खाली सीटों पर पारदर्शी तरीके से प्रवेश सुनिश्चित करना है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण 7 अगस्त तक और आवेदन में संशोधन 8 अगस्त तक किया जा सकेगा। कॉलेज 9 अगस्त तक दस्तावेजों का सत्यापन और आपत्तियों का निस्तारण करेंगे। इसके बाद 10 अगस्त को पहली प्रोविजनल मेरिट सूची तथा 11 अगस्त को फाइनल मेरिट सूची जारी होगी। प्रथम चरण के चयनित अभ्यर्थियों को 12 से 14 अगस्त तक फीस जमा करनी होगी।

सके बाद बची हुई सीटों के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। 15 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी ताकि रिक्त सीटों को शीघ्र भरा जा सके। जो विद्यार्थी पहली प्रक्रिया में आवेदन नहीं कर सके, उन्हें एक और अवसर दिया गया है।

16 अगस्त को ऑनलाइन पोर्टल दोबारा खोला जाएगा, जहां 100 लेट फीस के साथ नया पंजीकरण और आवेदन में संशोधन किया जा सकेगा।

हरियाणा में रेडियोग्राफर होंगे रेडियोलॉजी अधिकारी

स्वीकृति

पैरा-मेडिकल और विविध पद (राज्य समूह-सी) सेवा नियम, 1998 में संशोधनों को स्वीकृति प्रदान की गई

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग पैरा-मेडिकल और विविध पद (राज्य समूह-सी) सेवा नियम, 1998 में संशोधनों को स्वीकृति प्रदान की गई। यह संशोधन मुख्य रूप से सेवा नियमों में वरिष्ठ रेडियोलॉजी अधिकारी के नए बनाए गए 22 पदों को शामिल करने और स्वास्थ्य प्रणाली में रेडियोलॉजी पेशेवरों की बदलती भूमिका के अनुरूप मौजूदा रेडियोग्राफर पदों के नाम को 'रेडियोलॉजी अधिकारी' में बदलने का प्रावधान करते हैं। यह संशोधन 10 जून, 2020 को जारी एक सरकारी अधिसूचना के माध्यम से प्रत्येक जिले में एक-एक, यानी वरिष्ठ रेडियोग्राफर के 22 पदों के सृजन के बाद आवश्यक हो गए थे। ये पद विभाग में कार्यरत पात्र रेडियोग्राफरों में से पदोन्नति द्वारा भरे जाने हैं।

संशोधित नियमों के तहत, 22 स्वीकृत पदों के साथ सेवा नियमों में वरिष्ठ रेडियोलॉजी अधिकारी की एक नई श्रेणी शुरू की गई है। यह पद स्नक्करु-6, सेल-ढ्ढ (35,400 रुपये - 1,12,400 रुपये) का वेतनमान वहन करेगा और इसे मुख्य रूप से निर्धारित योग्यताओं और न्यूनतम पांच वर्ष की नियमित सेवा वाले रेडियोलॉजी अधिकारियों में से पदोन्नति के माध्यम से भरा जाएगा। निर्धारित पात्रता शर्तों के अधीन किसी भी राज्य सरकार या भारत सरकार की सेवा से स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) के माध्यम से नियुक्ति का भी प्रावधान किया गया है। कैबिनेट ने पूरे सेवा नियमों में नियुक्ति, पदोन्नति, अनुशासनात्मक मामलों और सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले प्रासंगिक परिशिष्टों सहित 'रेडियोग्राफर' पदनाम को बदलकर 'रेडियोलॉजी अधिकारी' करने वाले संशोधनों को भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, संशोधित नियमों में मौजूदा सरकारी नीतियों और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार नियुक्तियों में आरक्षण, सीधी भर्ती में आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए अनुभव में छूट, पात्रता शर्तों और नागरिकता आवश्यकताओं से संबंधित संशोधित प्रावधान शामिल हैं।

हरियाणा में बनेगा अल्पसंख्यक आयोग

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में हरियाणा राज्य अल्पसंख्यक आयोग विधेयक, 2026 को मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उनके लिए उपलब्ध संवैधानिक एवं वैधानिक संरक्षणों के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करने तथा उनके सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन करना है। आयोग में एक अध्यक्ष, पांच गैर-सरकारी सदस्य तथा सरकार द्वारा नियुक्त एक सचिव होगा। अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। विधेयक में उनके त्यागपत्र, पद से हटाने तथा रिक्त पदों को भरने संबंधी प्रावधान भी किए गए हैं। आयोग अल्पसंख्यक समुदायों को प्राप्त संवैधानिक एवं वैधानिक संरक्षणों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगा तथा उनके प्रभावी पालन के लिए सरकार को आवश्यक सुझाव देगा। इसके अतिरिक्त, आयोग अल्पसंख्यकों से संबंधित सरकारी नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की निगरानी करेगा, विभिन्न विषयों पर अध्ययन एवं अनुसंधान कराएगा, सरकारी सेवाओं में अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व का आकलन करेगा तथा उनके कल्याण एवं विकास के लिए आवश्यक सिफारिशें करेगा।

हरियाणा में अब एक साल के लिए होगी पटवारी ट्रेनिंग

प्रशिक्षण

पटवारियों के भर्ती और प्रशिक्षण ढांचे का आधुनिकीकरण करना, उनकी सेवा शर्तों में सुधार करना है

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़। हरियाणा में अब पटवारियों की ट्रेनिंग अवधि एक साल की होगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा राजस्व पटवारी (समूह-सी) सेवा नियम, 2011 में संशोधनों को मंजूरी दी गई। इन संशोधनों का उद्देश्य राजस्व पटवारियों के भर्ती और प्रशिक्षण ढांचे का आधुनिकीकरण करना, उनकी सेवा शर्तों में सुधार करना तथा राजस्व प्रशासन को अधिक कुशल और उत्तरदायी बनाना है। संशोधित नियम 1 जनवरी, 2025 से लागू माने जाएंगे।

मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया एक प्रमुख निर्णय- नए नियुक्त पटवारियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण अवधि को डेढ़ वर्ष से घटाकर एक वर्ष करना है। संशोधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पटवार स्कूल में छह महीने का संस्थागत प्रशिक्षण और उसके बाद छह महीने का फील्ड प्रशिक्षण शामिल होगा। यह निर्णय राज्य स्तरीय पटवारी सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप लिया गया है और इससे फील्ड ड्यूटी के लिए प्रशिक्षित पटवारियों की जल्द उपलब्धता सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

मंत्रिमंडल ने नए नियुक्त पटवारियों की सेवा शर्तों में महत्वपूर्ण सुधार को भी मंजूरी दी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान वजीफा (स्टाइपेंड) मिलने के बजाय, अब उन्हें फंक्शनल पे-लेवल-2 में 19,900 रुपये का शुरूआती वेतन दिया जाएगा।

हरियाणाः 60 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में एमएसएमई एवं निर्यात क्षेत्र के लिए 60 परिवर्तनकारी पहलें

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़ः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया एवं विकसित भारत-2047 की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से प्रेरित होकर, हरियाणा सरकार ने माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व एवं उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह के मार्गदर्शन में आज हरियाणा प्रगतिशील एमएसएमई एवं निर्यात संवर्धन नीतिझ्र2026 का अनावरण किया। यह नीति सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए राज्य का अब तक का सर्वाधिक महत्वाकांक्षी नीतिगत ढांचा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरंतर इस बात पर बल दिया है कि एमएसएमई क्षेत्र भारत के विनिर्माण एवं औद्योगिक विकास की रीढ़ है तथा जब एमएसएमई आगे बढ़ते हैं, तभी भारत भी प्रगति करता है। इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर हरियाणा ने एमएसएमई क्षेत्र को अपनी विकास रणनीति के केंद्र में स्थान दिया है तथा इसे निवेश, नवाचार, रोजगार सृजन एवं निर्यात वृद्धि का प्रमुख आधार माना है। हरियाणा अपनी विकास यात्रा के 60 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर राज्य सरकार ने प्रदेश के 14 लाख से अधिक एमएसएमई के पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 60 परिवर्तनकारी पहलों [1] को समर्पित किया है। इस नीति के माध्यम से अगले पाँच वर्षों में विनिर्माण क्षेत्र में ?55,000 करोड़ से अधिक के निवेश को आकर्षित करने, पाँच लाख से अधिक नए रोजगार सृजित करने तथा हरियाणा के निर्यात को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। माध्यम से हरियाणा को विनिर्माण, उद्यमिता एवं वैश्विक व्यापार के लिए भारत के सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी राज्यों में स्थापित करने का उद्देश्य है।

ऐतिहासिक नीति

उद्यमिता, विनिर्माण, निर्यात एवं रोजगार को गति प्रदान करने हेतु एक ऐतिहासिक नीति

प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। भारी बारिश के कारण कई सड़क मार्ग भी प्रभावित हुए हैं

टिहरी में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, भिलंगना नदी उफान पर

परेशानी बढ़ी

बंद मार्गों को जल्द खोलने के लिए संबंधित विभागों की मशीनें और टीमें लगातार कार्य कर रही हैं

टीम एक्शन इंडिया

टिहरी। टिहरे जिले में भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार बारिश से भिलंगना नदी उफान पर है। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। भारी बारिश के कारण कई सड़क मार्ग भी प्रभावित हुए हैं।

जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय के अनुसार मंगलवार सुबह तक जनपद में औसतन 67.23 मिमी बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक 109 मिमी बारिश टिहरी क्षेत्र में हुई, जबकि धनोल्टी में 88 मिमी, कीर्तिनगर में 70 मिमी, नरेंद्रनगर में 63 मिमी, देवप्रयाग में 38.4 मिमी और घनसाली में 35 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। टिहरी बांध का जलस्तर सुबह 8 बजे 789.20 मीटर दर्ज किया गया तथा 194 क्यूमेक्स पानी का डिस्चार्ज किया गया। भारी बारिश को देखते हुए घनसाली एसडीएम मंजू राजपूत के निर्देश पर तहसील क्षेत्र के कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालय मंगलवार को बंद रखे गए।

बारिश के कारण ऋषिकेश-चंबा राष्ट्रीय राजमार्ग-34 आमसेरा के पास सुबह मलबा आने से बाधित हो गया था, जिसे करीब एक घंटे बाद खोल दिया गया। वहीं यमुना पुल-बड़कोट राष्ट्रीय राजमार्ग-507 और टिहरी-मलेथा राष्ट्रीय राजमार्ग-707ए पर भी भूस्खलन से यातायात प्रभावित हुआ। टिहरी-मलेथा मार्ग को कुछ घंटों में खोल दिया गया, जबकि यमुना पुल-बड़कोट मार्ग देर शाम तक बाधित रहा। लोक निर्माण विभाग के अनुसार जिले में कुल 33 मोटर मार्ग प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 26 को यातायात के लिए खोल दिया गया। देर शाम तक दो जिला मार्ग और पांच ग्रामीण मार्ग सहित सात सड़कें बंद रहीं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत 19 ग्रामीण सड़कें बाधित हुईं, जिनमें आठ को सुचारू कर दिया गया, जबकि 11 सड़कें देर शाम तक बंद रहीं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि जनपद में कहीं से भी विद्युत अथवा पेयजल आपूर्ति बाधित होने की सूचना नहीं मिली है। बंद मार्गों को जल्द खोलने के लिए संबंधित विभागों की मशीनें और टीमें लगातार कार्य कर रही हैं।

आपदा न्यूनीकरण और सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी रेडी-एचपी परियोजना : मुख्य सचिव

विश्व बैंक

» कार्यशाला विश्व बैंक (आईबीआरडी/आईडीए) द्वारा समर्थित परियोजना के कार्यान्वयन पर केंद्रित

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। मुख्य सचिव के.के. पंत ने आज यहां रेजिलिएंट एक्शन फॉर डेवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरी हिमाचल प्रदेश (रेडी-एचपी) परियोजना पर आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। विश्व बैंक के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का आयोजन 28 से 31 जुलाई, 2026 तक किया जा रहा है।

विभिन्न विभागों एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के अधिकारियों और प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने बहु-क्षेत्रीय परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए मजबूत संस्थागत समन्वय के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य में आपदा न्यूनीकरण और सतत विकास सुनिश्चित करने की दिशा में बेहतर कार्ययोजना, सुदृढ़ आधारभूत अधोसंरचना तथा संस्थागत क्षमता निर्माण में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

परियोजना के क्रियान्वयन के प्रारूप पर प्रकाश डालते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने एक सुदृढ़ संस्थागत व्यवस्था स्थापित की है, जो परियोजना को रणनीतिक मार्गदर्शन, नीतिगत निगरानी, तकनीकी समन्वय तथा प्रभावी कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करेगी। परियोजना के कुशल, पारदर्शी, जवाबदेह तथा परिणामोन्मुख क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों एवं कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्धारित जिम्मेदारियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला विश्व बैंक (आईबीआरडी/आईडीए) द्वारा समर्थित परियोजना के कार्यान्वयन पर केंद्रित है। प्रतिभागियों को राज्य सरकार, कार्यान्वयन विभागों, परियोजना प्रबंधन इकाइयों, परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों, तकनीकी सलाहकारों तथा विश्व बैंक के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए तैयार किए गए संस्थागत ढांचे की जानकारी दी गई। मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारियों को संस्थागत अधोसंरचना से अवगत करवाया गया है, जो सभी हितधारकों के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने, समयबद्ध निर्णय लेने, सुशासन को मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

राज्यपाल ने चंबा सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज प्रात: पठानकोट-चंबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनीखेत के निकट लाहड़ में हुई दुखद सड़क दुर्घटना में पांच लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करने प्रार्थना भी की।

पेपर लीक के दोषियों को पुरस्कृत करने वाले, पेपर लीक की जांच रुकवाने वाले मुख्यमंत्री हैं सुक्खू : जयराम ठाकुर

सवाल

» मुख्यमंत्री प्रदेश को बताएं कि उन्होंने कितने लोगों को नौकरियां दी हैं, प्री-नर्सरी टीचर भर्ती क्यों बीच में रुकी?

चमन शर्मा

शिमला। शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने सुखविंदर सिंह सुक्खू को झूठ बोलकर गुमराह करने वाला मुख्यमंत्री कहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि हमारी सरकार में पेपर लीक नहीं हुआ, लेकिन प्रदेश की जनता उनसे पूछ रही है कि आपने पेपर करवाए ही कितने हैं? प्री-नर्सरी टीचर की भर्ती हो रही थी, जिसका पूरा पैसा केंद्र सरकार द्वारा दिया जाता है। धड़ल्ले से उसमें भ्रष्टाचार हुआ। विरोध के बाद भर्ती रोकी गई, जिसकी वजह से मासूम बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई और उसका परिणाम यह रहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुक्खू सरकार में बहुत से शिक्षकों को अपनी जेब से पैसे खर्च कर टीचर रखने पड़े। सुक्खू सरकार के फिनायल बेचने वाले मित्रों ने चिकित्सा अधिकारी और नर्स की भर्ती के लिए आउटसोर्स कंपनियां बनाई, जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने भी बेहद तल्ख टिप्पणी की। कई बार उन भर्तियों पर रोक लगी। इसका पैसा भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत केंद्र सरकार ही देती है। उनके मंत्री खुलेआम मंचों से खड़े होकर बताते हैं कि उन्होंने अपने हलके के कितने लोगों को सिफारिशी नौकरी लगवाई है और मुख्यमंत्री पेपर लीक की बात करते हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि इसी तरह हाल ही में हुई पुलिस भर्ती में मास चीटिंग के आरोप परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों ने लगाए। परीक्षा के बाद प्रदेश पुलिस द्वारा की गई कई कार्रवाइयों में पेपर बेचने और खरीदने वाले आरोपी भी पकड़े गए। उनसे मिली सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने आगे भी कार्रवाई की। लेन-देन का रिकॉर्ड ही नहीं, भारी मात्रा में कैश भी बरामद हुआ। इतने गंभीर आरोप के बाद भी सरकार ने चुप्पी साध ली।

युवा शक्ति को प्रो. प्रेम कुमार धूमल का मार्गदर्शन

पवन धीमान

हमीरपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा नादौन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से समीरपुर स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों, युवाओं की भूमिका तथा विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रो. धूमल ने युवा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे सेवा, समर्पण और अनुशासन को कार्यशैली का आधार बनाते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण और संगठन विस्तार की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है तथा उनका सक्रिय योगदान भविष्य की दिशा तय करता है। प्रतिनिधिमंडल में भाजयुमो नादौन मंडलाध्यक्ष आशीष राणा, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, जिला युवा प्रवक्ता सुनीत कटोच, जिला प्रवक्ता हर्षित चंदेल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी कौशिक जरयाल, मंडल महामंत्री आकाश पराशर, मंडल उपाध्यक्ष आशीष रतन एवं सन्नी कटोच, मंडल सचिव राहुल ठाकुर, भाजपा कार्यकारिणी सदस्य आशीष सयाल तथा कार्यकर्ता अभिषेक रंजन संधाया शामिल रहे।

नरेश ठाकुर ने अधिकारियों के साथ किया नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण

पवन धीमान

हमीरपुर। राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर ने मंगलवार को हमीरपुर में विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से संचालित किए जा रहे नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का निरीक्षण किया।

एडीसी अभिषेक गर्ग, एसडीएम संजीत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री, डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग के डॉ. कमल प्रकाश, राज्य कर एवं आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त नितिन कपूर, डीएसपी नितिन चौहान और अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण के लिए पहुंचे नरेश ठाकुर ने इन केंद्रों में विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया।

दोसड़का में संचालित किए जा रहे गोल्डन एज पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान नरेश ठाकुर ने इस केंद्र में विभिन्न सुविधाओं विस्तार के साथ-साथ इसके भवन में अग्निशमन और अन्य सुरक्षा मानकों का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बड्डू के पास घनाल में स्थापित किए जा रहे नए नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के परिसर का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस नए केंद्र का संचालन आरंभ करने से पहले सभी आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान होना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

बड़सर में कांग्रेस सरकार के खिलाफ उमड़ा जनसैलाब, भाजपा ने खोला जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा

पवन धीमान

हमीरपुर। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के मैहरे में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा जनआक्रोश प्रदर्शन करते हुए जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के नेतृत्व में आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन और जनआक्रोश रैली में हजारों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया। प्रदर्शन के बाद भाजपा ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

रैली को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद सरकार ने विकास कार्यों पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्था चरम पर है। कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, किसान परेशान हैं और आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रही है। लखनपाल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री लगातार बड़सर विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी कर रहे हैं और चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरी तरह भूल चुके हैं।

उन्होंने कहा कि रोजगार देने का दावा करने वाली सरकार ने बड़सर के युवाओं के अधिकारों की अनदेखी कर उन्हें रोजगार से वंचित किया है, जबकि नौकरियों का लाभ अन्य क्षेत्रों, विशेषकर नादौन, तक सीमित कर दिया गया है।

विधान सभा अध्यक्ष ने जिला चम्बा में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक प्रकट किया

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने गत रात्री जिला चम्बा के बनीखेत में लाहड़ नामक स्थान पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना पर अत्यन्त गहरा दु:ख प्रकट किया है। गौरतलब है कि इस भीषण सड़क हादसे में आल्टो कार में सवार एक ही परिवार के सभी पॉच लोगों की आसमयिक मृत्यू हो गई । अपने शोक सन्देश में पठानियां ने कहा कि यह दुर्घटना बेहद दुखद तथा भयानक थी जिसका शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता । पठानियां ने आमजन से आग्रह किया कि बरसात के इस मौसम में अनावश्यक यात्रा से बचना चाहिए तथा तभी सफर करना चाहिए यदि आवश्यक हो।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने आयोजित किया पौधारोपण कार्यक्रम

पवन धीमान

हमीरपुर। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने मंगलवार को वन विभाग के सहयोग से हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जिला एवं सत्र न्यायधीश और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष पंकज शर्मा की अगुवाई में आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अधिकारियों, वन विभाग के अधिकारियों, जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अन्य गणमान्य लोगों ने 50 से अधिक औषधीय तथा कई अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायधीश और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष पंकज शर्मा के साथ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश सचिन रघु, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सूर्य प्रकाश, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रवि कुमार, सिविल जज टीना मल्होत्रा, सिविल जज विशाल ठाकुर, सिविल जज बिंद्रा देवी, वन विभाग के डीएफओ अंकित सिंह, एसीएफ नितिन नेगी, अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

राज्य निदेशक ने आरसेटी में लिया विभिन्न सुविधाओं का जायजा

पवन धीमान

हमीरपुर। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के राज्य निदेशक रमेश चंद डढवाल ने मंगलवार को अपने हमीरपुर दौरे के दौरान पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय के प्रमुख अरविंद यादव से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने पीएनबी आरसेटी हमीरपुर का भी दौरा किया और वहां प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर पीएनबी आरसेटी हमीरपुर के निदेशक अजय कतना ने रमेश चंद डढवाल का स्वागत किया और संस्थान की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया।

ऊना में तंबाकू नियंत्रण अभियान तेज, 54 चालान काटकर वसूले 29 हजार रुपये

राजन पुरी

ऊना। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला ऊना की ओर से रा%य स्तरीय तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को जिला और खंड स्तरीय संयुक्त उड़नदस्तों ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर तंबाकू नियमों का उगंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान 54 चालान काटकर 29 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस विशेष अभियान में स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, औषधि निरीक्षक, आबकारी एवं कराधान विभाग, एसटीएफ तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने, बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने, खुली बीड़ी और सिगरेट की बिक्री करने वाले दुकानदारों तथा प्रतिबंधित उत्पादों के विक्रेताओं के खिलाफ कोटपा अधिनियम-2003 और हिमाचल प्रदेश तंबाकू अधिनियम-2016 के तहत चालान किए गए।

इसके अलावा उड़नदस्तों ने शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री की भी जांच की और नियमों का उगंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में तंबाकू नियंत्रण के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित है और सभी विक्रेताओं से नियमानुसार लाइसेंस लेने की अपील की।

शिक्षा उपनिदेशक ने जखेड़ा व बनगढ़ स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

राजन पुरी

ऊना। उपनिदेशक स्कूल शिक्षा जिला ऊना अनिल तक्खी ने मंगलवार को अपनी टीम के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जखेड़ा, राजकीय प्राथमिक पाठशाला जखेड़ा, राजकीय उच्च विद्यालय बनगढ़ तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला बनगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्काउट एंड गाइड, बिल्डिंग फंड, अमलगमेटेड फंड, कैरियर काउंसलिंग, यौन उत्पीड़न तथा पानी की टंकी सफाई सहित विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों की जांच की गई। उपनिदेशक अनिल तक्खी ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए लक्ष्य तय करना और अनुशासित प्रयास करना बेहद जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित कैरियर काउंसलिंग करने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के अवसरों की

रिकॉर्ड बिजली उत्पादन के साथ विकास की नई मिसाल, एनटीपीसी कोलडैम ने मीडिया के सामने रखीं उपलब्धियां

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर। एनटीपीसी कोलडैम जलविद्युत परियोजना में मंगलवार को मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक प्रेस संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मीडिया को एनटीपीसी कोलडैम द्वारा गत वर्ष के दौरान ऊर्जा उत्पादन, परिचालन उपलब्धियों, पर्यावरण संरक्षण तथा नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत किए गए कार्यों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख एस. एस. राव, मानव संसाधन प्रमुख मंगला हरीन्द्रन, अपर महाप्रबंधक (टेक्निकल सर्विसेज) कुमार स्वाधीन, अपर महाप्रबंधक योगेश शर्मा सहित एनटीपीसी के सीएसआर, मानव संसाधन अथवा पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को हाल ही में नेशनल ज्योग्राफिक द्वारा निर्मित एनटीपीसी कोलडैम की डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई, जिसमें परियोजना की विभिन्न सीएसआर गतिविधियों और सामाजिक विकास कार्यों को प्रमुखता से दर्शाया गया है।

प्रेस वार्ता के दौरान अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से एनटीपीसी कोलडैम की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि परियोजना लगातार अपनी डिज़ाइन क्षमता से अधिक विद्युत उत्पादन कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3612.82 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन के साथ एनटीपीसी कोलडैम ने कमीशनिंग के बाद का अब तक का सर्वोच्च उत्पादन दर्ज करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया गया कि एनटीपीसी कोलडैम द्वारा प्रतिवर्ष 2,500 से अधिक पौधों का रोपण किया जा रहा है। इसके साथ ही वर्षा जल संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण के उद्देश्य से पहाड़ी ढलानों पर लगभग 5,000 ट्रेंच विकसित किए गए हैं, जो वन्यजीवों के लिए भी जल स्रोत का कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर एनटीपीसी कोलडैम की वार्षिक सीएसआर गतिविधियों पर आधारित पत्रिका का भी सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।

300 वाहनों की पासिंग, जाम और धीमी वेबसाइट से लोग रहे परेशान

पवन धीमान

हमीरपुर। हमीरपुर में सोमवार को निर्माणाधीन बस अड्डे के समीप मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर द्वारा छोटे-बड़े करीब 300 वाहनों की पासिंग की गई। इस दौरान एमवीआई और अन्य कर्मचारियों ने सभी वाहनों की बारीकी से जांच करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया पूरी की।

हालांकि, दिनभर गर्म मौसम और ऑनलाइन वेबसाइट की धीमी गति के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ विभागीय कर्मचारियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वेबसाइट के बार-बार धीमा होने से वाहन पासिंग की प्रक्रिया अपेक्षा से अधिक समय तक चलती रही। वाहनों की बड़ी संख्या के चलते पासिंग के लिए आए सैकड़ों वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करना पड़ा, जिससे कई बार जाम की स्थिति बन गई। इस कारण इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों और वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ी। इस बीच एक नई समस्या भी सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब ड्राइविंग टेस्ट (ट्रायल) आखिर कहां कराया जाएगा, इसे लेकर असमंजस बना हुआ है। जिस स्थान पर पहले ट्रायल होती थी, वहां अब मल्टीपर्पज कॉम्प्लेक्स का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं खास ग्राम के पास जिस स्थान पर कुछ समय तक ट्रायल कराई जाती थी, वहां भी अब यह व्यवस्था बंद हो चुकी है।

छलंडा-पीरन सड़क का दस किलोमीटर हिस्सा गड्ढों में तबदील

चमन शर्मा

शिमला। जुन्गा तहसील के अंतर्गत आने वाली छलंडा-पीरन सड़क के आंजी से पीरन तथा खालटू तक लगभग दस किलोमीटर लंबे हिस्से की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सड़क जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी राजीव शर्मा, प्रीतम सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह ठाकुर, दया राम वर्मा और जबर सिंह ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से सड़क की कोई मरम्मत नहीं हुई है। उनका कहना है कि स्थिति ऐसी हो गई है कि सड़क में गड्ढे नहीं, बल्कि गड्ढों में सड़क दिखाई देती है। गहरे गड्ढों के कारण छोटी गाड़ियों के चैंबर और अन्य पुर्जों को नुकसान पहुंच रहा है तथा दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि नारिगा पुल से जघेड़ तक पड़ने वाले खतरनाक ढांक वाले हिस्से में पिछले लगभग 30 वर्षों से न तो क्रैश बैरियर लगाए गए हैं और न ही पैराफिट का निर्माण किया गया है। टमाटर और अन्य सब्जियों से लदे वाहन अक्सर इस चढ़ाई वाले मार्ग पर फंस जाते हैं, जिससे कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

उफनते नाले में बह गई कार, परिवार के चार लोग बाल-बाल बचे

राजन पुरी

ऊना। ग्राम पंचायत टकारला के अधीन पड़ते एक नाले में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। भारी बारिश के चलते अचानक नाले का जलस्तर बढ़ने से एक कार तेज बहाव में बह गई।

कार में सवार एक ही परिवार के चार सदस्य समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे जनहानि नहीं हुई। हालांकि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक को करीब दो लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। कार चालक विनोद कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी और दो ब%चों के साथ पीजीआई चंडीगढ़ जा रहे थे। टकारला पहुंचने पर नाले में पानी कम था, इसलिए उन्होंने वाहन पार करने का प्रयास किया। लेकिन नाले में जमी गाद के कारण कार बीच में फंस गई। इसी दौरान अचानक जलस्तर बढ़ गया और तेज बहाव कार को बहाकर एक पेड़ से जा टकराया।

उन्होंने बताया कि सबसे पहले दोनों बच्चों को कार की खिड़की से निकालकर छत के रास्ते पेड़ का सहारा लेते हुए सुरक्षित बाहर पहुंचाया। इसके बाद वह और उनकी पत्नी भी किसी तरह कार से बाहर निकलने में सफल रहे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हाइड्रा मशीन की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला। तब तक कार में रेत और गाद भर चुकी थी तथा इंजन में पानी और रेत घुस जाने से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

एनटीपीसी कोलडैम : हरित ऊर्जा और विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों का निर्वहन प्राथमिकता : एसएस राव

टीम एक्शन इंडिया

मंडी/बिलासपुर। एनटीपीसी कोलडैम परियोजना प्रमुख एसएस राव ने बताया कि सीएसआर के माध्यम से हरित ऊर्जा और सामाजिक विकास पर जोर दिया जा रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए कोलडैम परियोजना प्रमुख ने बताया कि एनटीपीसी की ओर से हर साल यह कोशिश की जाती है कि सामाजिक दायित्व को लेकर देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी निष्ठापूर्वक निभाती रहे। उन्होंने बताया कि सामाजिक सरोकारों शिक्षा के क्षेत्र में परियोजना क्षेत्र के आसपास के स्कूलों में पढ़ाई विद एआई की पहल करते हुए डिजिटल शिक्षा की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। वहीं पर पम्प्ड स्टोरेज पावर प्लांट पीएसपी के तहत मंडी और सोलन जिलों में दो परियोजनाओं की प्रारंभिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर हिमाचल सरकार को स्वीकृति के लिए सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि सीएसआर के तहत कोलडैम की ओर से 5.5 करोड़ रूपए खर्च कर 40 गावों को लाभ पहुंचाया है। इसके अलावा नीट और आईआईटी अभ्यर्थियों के लिए एआई आधारित ऐप्स और डिजिटल कोचिंग में सहायता की जा रही है। जिससे तीन से पांच सौ विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा हिमाचल के पहले हाईड्रो इंजिनियरिंग कालेज के लिए कंपनी की ओर से 70 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई गई है। जिससे हिमाचल के विद्यार्थी यहीं पर रहकर ही शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एनटीपीसी कोलडैम की ओर से कायकिंग, केनॉइंग और रोइंग जैसे खेलों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इस सुविधाका लाभ उठाकर ग्रामीण खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मैडल हासिल कर प्रदेश और देश का नाम रौशन कर रहे हैं।

बीडीटीएस ने यूनियन परिसर में वट वृक्ष का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर। बरमाना सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट ढुलाई के लिए अधिकृत ट्रक परिवहन सभा द्वारा यूनियन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ट्रांसपोर्टरों ने वट वृक्ष का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधान जीत राम गौतम, उपप्रधान गंगा सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान कमल किशोर व जयसिंह ठाकुर, कैशियर कुलदीप ठाकुर, जनरल सेक्रेटरी प्रदीप ठाकुर, अध्यक्ष कश्मीर सिंह ठाकुर, मुख्य संरक्षक अनिल हैप्पी, पूर्व प्रधान राकेश ठाकुर, वाइस चेयरमैन शेर सिंह ठाकुर, सह सचिव संतोष ठाकुर, कार्यालय सचिव स्वदेश ठाकुर व नंदलाल ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधान जीत राम गौतम ने वट वृक्ष की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावन माह पौधारोपण के लिए अत्यंत उपयुक्त समय है। वहीं वरिष्ठ उपप्रधान कमल किशोर ने भी कहा कि हमें इस दिशा में विशेष ध्यान देना चाहिए । क्योंकि यह भावी पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है। जब हम स्वयं पहल करेंगे तभी आने वाली पीढ़ी भी इसे अपनाएगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से पौधरोपण को बढ़ावा देना चाहिए ताकि पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ किया जा सके।

अंतर्राष्ट्रीय बिल्डिंग एण्ड वूड वर्कर्ज की दो दिन की बैठक चेन्नई में हुई सम्पन्न

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, अंतर्राष्ट्रीय बिल्डिंग एण्ड वूड वर्कर्ज के महासचिव अम्बट यशोन ने बतौर मुख्य अतिथि और अपोलिन टोलइनटो क्षेत्रिय प्रतिनिधि बतौर विशिष्ट अतिथि की शिरकत की। बीडब्ल्यूएलआई साउथ एशिया के क्षेत्रिय प्रतिनिधि डा. राजीव शर्मा, क्षेत्रिय शिक्षा अधिकारी प्रेणना प्रसाद भी उपस्थित रही। भारत देश की 35 युनियनों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में लिया भाग। चेन्नई के राधा रीजैन्ट होटल में 27 जुलाई और 28 जुलाई को अन्तर्राष्ट्रीय बिल्डिंग एण्ड वूड वर्कर्ज की बैठक डा.राम चन्द्रा खुटिंया साउथ एशिया के प्रधान एवं भारत देश के पूर्व राज्य सभा सदस्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कर्नाटक राज्य के पूर्व अतिरिक्त लेबर कमीशनर बसन्त कुमार ने भारत सरकार द्वारा बनाये गये 4 लेबर कोड से मिलने वाले लाभों और चुनौतियों के बारे मे जागरूक किया।

प्रैस को जारी ब्यान में इंटक सचिव प्रेम लाल भाटिया ने कहा कि हिमाचल से रूप सिंह ठाकुर और जगदीश कुमार ने चेन्नई में दो दिवसीय बैठक में भाग लिया और हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा कामगारों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। बैठक में रूप सिंह ठाकुर ने कहा श्रम कल्याण बोर्ड एक्ट के तहत कोई भी कामगार अपना नवीनीकरण बिना पेनेल्टी से करवा सकता है, परन्तु हिमाचल प्रदेश श्रम कल्याण बोर्ड में एक्ट से बाहर नियम बनाये जा रहे हैं जोकि श्रमिकों के हित में नहीं हैं।

गौवंश के स्थायी हल के लिए डीसी बिलासपुर को सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, कलूर एक्टिविस्ट ग्रुप जिला बिलासपुर के युवा कार्यकर्ताओं ने समाजसेवी आयुष भारद्वाज की रहनुमाई में कॉलेज चैक से डीसी आफिस तक एक शांतिपूर्ण रैली निकाली और गौवंश के संरक्षण को लेकर नारे लगाते हुए डीसी बिलासपुर राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर आयुष भारद्वाज ने कहा कि पूरे जिला बिलासपुर में राष्ट्रीय राजमार्गों, शहर की सड़कों और बाजारों में बेसहारा गायों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इनके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और गौवंश भी घायल हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौ तस्करी के मामले भी बढ़े हैं, जो हमारी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के साथ.साथ कानून.व्यवस्था के लिए भी खतरा है। मांगों का जिक्र करते हुए आयुष भारद्वाज ने बिलासपुर में एक आधुनिक और उचित गौशाला का तुरंत प्रबंध करने की मांग उठाई। उन्होंने गौ तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय नाकों पर सख्त चेकिंग की मांग रखी। नगर परिषद और पंचायतों के सहयोग से सड़कों से गायों को रैस्क्यू कर गौशाला में स्थानांतरित करना आदि की मांग भी प्रभावशाली तरीके से उठाई। उन्होंने बताया कि डीसी बिलासपुर ने उनकी बात को गौर से सुना तथा शीघ्र ही इस विषय पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कलूर एक्टिविस्ट ग्रुप के अन्य युवा सदस्य उपस्थित रहे।

संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने संवैधानिक अधिकारों के प्रति किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला बिलासपुर के खंड सदर की बैठक हरलोग में प्रधान इंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें नरैणु राम सेवानिवृत हैडमास्टर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में में शिरकत की। बैठक में मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्षा बर्फी देवी, बौद्धिक प्रकोष्ठ प्रमुख विपिन बंसल, मुख्य संगठन सचिव जगजीत सिंह विशेष रूप से शामिल रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मोर्चा द्वारा नशा मुक्ति, अंधविश्वास, पाखंड मुक्त अभियान के अंतर्गत समाज को संविधान और संवैधानिक अधिकारों कर्तव्य के संबंध में जागरूक करना था। इस बैठक को अमरती देवी प्रधान महिला मंडल, सुमन लता मुख्य सलाहकार, सुनीता देवी, वार्ड मेंबर कौशल्या देवी, बीडीसी सदस्य ने भी संबोधित किया। बैठक में भिन्न.भिन्न पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान, बीडीसी सदस्य तथा वार्ड मेंबर को मोर्चा द्वारा स्मृति चिन्ह व बाबा साहब की फोटो तथा संविधान की पुस्तक देखकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि नरैणू राम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में संविधान की रक्षा एक बहुत जरूरी कार्य हो चुका है, जिस प्रकार अपनी सुविधानुसार संविधान में सरकार द्वारा संशोधन किया जा रहा है, उससे स्पष्ट हो गया है कि इससे दलित, पिछड़े और शोषित वंचित वर्ग के अधिकारों को सुनियोजित तरीके से समाप्त किया जा रहा है। जबकि विजय कालिया, बर्फी देवी, विपिन बंसल, जगजीत सिंह, आदि।

रोटरी क्लब बिलासपुर ने एम्स कोठीपुरा में लगाया लंगर

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, रोटरी क्लब बिलासपुर ने अन्नपूर्णा दिवस के मौके पर एम्स बिलासपुर में मरीजों व उनके तीमारदारों हेतु चने.चावल, कढ़ी.चावल व खीर का लंगर लगाया। लंगर में करीब 1500 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। रोटरी क्लब के प्रधान नरेंद्र खन्ना ने बताया कि जुलाई माह से रोटरी क्लब का नया वित्तीय वर्ष भी आरंभ होता है व नई कार्यकारिणी में चेतन ठाकुर क्लब सैक्रेटरी व सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक दीप चंद गौतम क्लब के कोषाध्यक्ष के रूप में क्लब का दायित्व संभाल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि गत वर्ष रोटरी क्लब बिलासपुर ने लाखों रूपए की लागत से कई उल्लेखनीय कार्य किए जिनमें बिलासपुर कालेज चैक व बिलासपुर चंपा पार्क चैक पर करीब 1 लाख रूपए की लागत से 2 वाटर कूलर स्थापित करना, चंगर स्कूल में करीब 40 हजार रूपए की लागत से वाटर कूलर लगाना, आर्थिक रूप से कमजोर 40 स्कूली बच्चों को स्वैटरें देना, डढोग स्कूल में वाटर टंकी लगवाना, वृद्धाश्रम में 12 हीटर देना, बध्यात स्कूल में सीलिंग फैन लगाना शामिल हैं। वहीं शहर के बीचोंबीच बने चंपा पार्क के भव्य व सुंदर गेट भी रोटरी क्लब ने बनाया है।

रोटरी क्लब कुल्लू के सदस्यों ने हेंडीमाचल थेरेपी सेंटर का किया दौरा

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

कुल्लू रोटरी क्लब के सदस्यों ने खिलती कलियाँ कार्यक्रम के तहत शास्त्री नगर कुल्लू में 'हेंडीमाचल थेरेपी सेंटर' का दौरा किया व स्पेशल बच्चों के साथ समय बिताया। रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष रोटेरियन राजीव सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब कुल्लू स्पेशल बच्चों के उत्थान के लिए हमेशा से प्रयासरत है ।इसी कड़ी में आज इस संस्था का दौरा किया गया द्य उन्होंने कहा कि इस तरह के स्पेशल बच्चों को भी आम बच्चों की तरह शिक्षा ,स्वास्थ्य व उमंग के साथ जीने का हक है । जरूरत है जागरूक होने की । पर जागरूकता के अभाव में बच्चों के माता पिता इस ओर ध्यान नहीं देते । कहा कि इन बच्चों का किसी न किसी रूप में जरूर सहयोग किया जाना चाहिए द्य इस अवसर पर रोटरी क्लब कुल्लू की ओर से वरिष्ठ रोटेरियन वी0 के0 कपूर,रोटेरियन ए0 जी0 अंशुल पराशर,महासचिव रोटेरियन आकाश बांगा,रोटेरियन डाक्टर अभिलाषा ठाकुर,रोटेरियन गगन मल्होत्रा व संस्था के संचालक एडवोकेट सुरेंद्र मोहन कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जर्जर पुल पर मंडरा रहा हादसे का खतरा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

कुल्लू मणिकर्ण बस स्टैंड से बाजार को जोड़ने वाला पुल बदहाल, हजारों श्रद्धालु और स्थानीय लोग रोजाना करते हैं आवाजाही मणिकर्ण। धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मणिकर्ण बाजार को बस स्टैंड से जोड़ने वाला पुल लंबे समय से जर्जर हालत में है। पुल की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से पुल की सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इसी पुल से होकर मणिकर्ण बाजार पहुंचते हैं। इसके अलावा स्थानीय लोग भी रोजाना आवाजाही के लिए इसी पुल का इस्तेमाल करते हैं। देवी-देवताओं के स्नान के लिए जाने वाले लोग भी इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। ऐसे में पुल की खस्ता हालत लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल लंबे समय से जर्जर हालत में है, लेकिन इसके पुनर्निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पुल की स्थिति को देखते हुए यहां किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। लोक निर्माण मंत्री से शीघ्र कार्रवाई की मांग स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मामले का संज्ञान लेकर पुल के पुनर्निर्माण की मांग की है। लोगों का कहना है कि पुल की हालत को देखते हुए इसका जल्द से जल्द पुनर्निर्माण करवाया जाए और इसे आम लोगों के लिए सुरक्षित बनाया जाए।

नशा मुक्त युवा प्रतियोगिता में डाइट धर्मशाला के प्रशिक्षुओं ने बिखेरा प्रतिभा का परचम

धर्मशाला, मेरा भारत केंद्र द्वारा 'नशा मुक्त युवा' अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। प्रतियोगिताओं में नुक्कड़ नाटक, समूह एवं एकल गायन, रील मेकिंग, स्लोगन लेखन, पेंटिंग, वाद-विवाद, डिक्लेमेशन, संगीत एवं नृत्य सहित अनेक रचनात्मक विधाओं के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देने का प्रयास किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में डाइट कांगड़ा स्थित धर्मशाला के डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

उपायुक्त किरण भड़ाना की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

कुल्लू जिला लाहौल-स्पीति में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या एवं उससे उत्पन्न हो रही समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए आज उपायुक्त लाहौल-स्पीति एवं अध्यक्ष, जिला स्तरीय समिति किरण भड़ाना (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आवारा कुत्तों के प्रभावी प्रबंधन एवं नियंत्रण हेतु व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से किया गया। बैठक में पशुपालन विभाग, पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिले में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या, जनसुरक्षा, स्वच्छता एवं पशु कल्याण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रभावी समाधान के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वप्रथम उपनिदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन, केलांग ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। इसके उपरांत उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गये हैं, जो अपने-अपने संस्थान परिसर में आवारा कुत्तों के प्रवेश की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे तथा समय-समय पर इसकी मासिक निगरानी रिपोर्ट जिला समिति को प्रस्तुत करेंगे।

पीएमजीएसवाई-4 में बंजार की 20 सड़कों को 150 करोड़ स्वीकृत : विक्रमादित्य सिंह

शिलान्यास

लोक निर्माण मंत्री ने तीन करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

कुल्लू, लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत वाली महत्वपूर्ण सड़क एवं पुल परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने नाबार्ड के तहत 1.12 करोड़ रुपये की लागत से सुचेहण-शांगड़ सड़क के सुधारीकरण कार्य तथा 1.96 करोड़ रुपये की लागत से तरहेड़ा में वैली ब्रिज के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि आम लोगों को शीघ्र बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। तरहेड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि यह पुल लंबे समय से क्षेत्र की जनता की प्रमुख मांग थी। पुल बनने से तीन पंचायतों के हजारों लोगों को वर्षभर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शांगड़ विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है और सड़क के सुधारीकरण एवं विस्तार से यहां पर्यटन गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से स्थानीय लोगों की आजीविका के अवसर बढ़ेंगे तथा पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। क्षेत्र के पर्यटन को नई गति देने के उद्देश्य से मंत्री ने लारजी से सैंज तथा सैंज-न्यूली-शांगड़ सड़क को मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड घोषित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे इस मार्ग का व्यापक विकास संभव होगा और पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बड़ा लाभ मिलेगा और ऑल वेदर कनेक्टिविटी सम्भव होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के अंतर्गत बंजार विधानसभा क्षेत्र में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से 20 नई सड़कों का निर्माण एवं

नौणी विश्वविद्यालय में स्थापित होगा राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड का क्षेत्रीय केंद्र

सोलन। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) का उत्तरी क्षेत्र-1 का क्षेत्रीय-सह-सुविधा केंद्र की स्थापना होगी। विश्वविद्यालय का चयन एक देशव्यापी प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के उपरांत इस केंद्र के संचालन हेतु किया गया है। विश्वविद्यालय ने यह केंद्र के लिए प्रस्ताव अनुसंधान निदेशक डॉ. देविना वैद्य के नेतृत्व में तैयार किया। इस परियोजना में वन उत्पाद विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रोहित शर्मा समन्वयक तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पंकज कुमार को सह-समन्वयक होंगे। यह प्रस्ताव नई दिल्ली में राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड की विशेषज्ञ समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय की अनुसंधान अवसंरचना, तकनीकी विशेषज्ञता तथा औषधीय एवं सुगंधित पौधों के क्षेत्र में किए गए व्यापक कार्यों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। यह क्षेत्रीय-सह-सुविधा केंद्र पूर्व में जोगिन्दर नगर स्थित रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन में संचालित किया जा रहा था जिसे अब विश्वविद्यालय से संचालित किया जाएगा। यह केंद्र दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समन्वय करेगा। यह केंद्र औषधीय पौधों के संरक्षण, वैज्ञानिक खेती, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, अनुसंधान तथा विपणन के लिए क्षेत्रीय केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

चिट्टा युवाओं के भविष्य के लिए बना सबसे बड़ा खतरा : विनोद कुमार

मंडी। विजय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में मंगलवार को नशा मुक्त अभियान के तहत एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एंटी चिट्टा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्थान पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं की शानदार नाट्य प्रस्तुति से हुई, जिसमें चिट्टे जैसे घातक नशे के दुष्प्रभावों को मार्मिक ढंग से दर्शाया गया। इसके अलावा गीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। अपने संबोधन में एसपी विनोद कुमार ने कहा कि चिट्टा आज युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह नशा युवाओं को धीरे-धीरे मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से खोखला कर देता है तथा कई बार उन्हें अपराध और मौत की ओर धकेल देता है। उन्होंने छात्रों से न केवल स्वयं नशे से दूर रहने बल्कि अपने मित्रों और परिवार के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस का एंटी चिट्टा अभियान तभी सफल होगा, जब समाज और युवा इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। संस्थान की प्रधानाचार्या दीप्ति मरवाह ने कहा कि एसपी विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी दी। उनके संबोधन से छात्रों में सकारात्मक संदेश गया है और उन्हें नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने की प्रेरणा मिली है।

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य पर सेरी बंगलो स्कूल में विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

टीम एक्शन इंडिया

मंडी। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरी बंगलो में 'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस' के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय की इकाइयों—एनएसएस वॉलंटियर्स, एनसीसी कैडेटस, स्काउटस एंड गाइड, सड़क सुरक्षा व इक्को क्लब के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य अनंत मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अन्य एसएमसी सदस्यों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधे लगाए। मुख्यातिथि ने स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को पर्यावरण संतुलन और वृक्षों के महत्त्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने केवल पौधे लगाने पर ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतर देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने पर भी विशेष बल दिया। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित इस कार्यक्रम में सभी वालंटियर्स, कैडेटस और विद्यार्थियों ने अपने आसपास के वातावरण को हरा-भरा और स्वच्छ रखने की शपथ ली।

नेर घरबासड़ा पंचायत के श्मशान घाट के पास चट्टान गिरने से मझारनू-बस्सी मार्ग बाधित

टीम एक्शन इंडिया
संगराय

जोगिंद्रनगर उपमंडल में हो रही भारी बरसात के चलते आज बाद दोपहर जोगेंद्रनगर उपमंडल की नेर घरबासड़ा पंचायत के श्मशान घाट के पास मझारनू-बस्सी रोड पर भारी चट्टान गिरने से मझारनू, नेर, कुफरू, बस्सी सड़क मार्ग यातायात के लिए बाधित हो गया।पहाड़ी से गिरे मलबे और चट्टानों के कारण सड़क पर आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। नेर घरबासड़ा पंचायत के प्रधान राम चंद्र पाल ने प्रशासन से शीघ्र सड़क बहाल करने का आग्रह किया है।उन्होंने स्थानीय लोगों और यात्रियों से अपील की है कि मार्ग खुलने तक इस रास्ते पर यात्रा न करें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

हर दिन के 86400 सेकंड तय करते हैं आपका भविष्य : दिव्या ठाकुर

प्रस्तुतियां

टिआना ने कैसियो बजाकर दिखाई अपनी प्रतिभा, 600 छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

सोलन। आनंद विहार स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल का 19वां स्थापना दिवस खुशी और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में करीब 600 छात्रों ने भाग लिया और अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा छठी की छात्राओं कीवा, सेहर और आरल के स्वागत प्रार्थना नृत्य से हुई। इसके बाद भव्या, श्रीनिका और शुभांगी ने लज़ीम की प्रस्तुति दी। आद्विक, सिद्धार्थ, कनिष्क और काव्यांश ने श्लोक वंदना प्रस्तुत की। काशवी, अनिकेत और नव्या ने योग की प्रस्तुति देकर सभी की सराहना पाई। कक्षा दूसरी की छात्रा टिआना ने कैसियो बजाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कक्षा सातवीं की छात्राओं आव्या, आश्वी, हर्षिता और रशिका ने भरतनाट्यम प्रस्तुत किया। कक्षा तीसरी की छात्रा हितांशी ने अपने विचार रखे। शिक्षा पर आधारित नृत्य-नाटिका में मोक्ष, त्रिशा और प्रनित ने अच्छा संदेश दिया। जूनियर नाटी में रुशांक और अन्वीषा, जबकि सीनियर नाटी में वेधिका, सनाह और अनाया ने हिमाचली लोकनृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।

इस अवसर पर रिटायर्ड प्रिंसिपल दिव्या ठाकुर मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, समय की अहमियत और जीवन में सफल होने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि जीवन का हर सेकंड बहुत कीमती होता है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को रोज 86,400 सेकंड मिलते हैं। यह ऐसे हैं जैसे हर दिन हमें 86,400 सिक्के मिलें, जिन्हें उसी दिन सही जगह खर्च करना होता है। इसलिए समय का सही इस्तेमाल ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपना लक्ष्य तय करें, रोज मेहनत करें, खुद पर भरोसा रखें और हमेशा अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी केवल एक विषय नहीं बल्कि एक भाषा है। इसलिए इसे सिर्फ परीक्षा पास करने के लिए नहीं बल्कि अच्छी तरह बोलने, समझने और ज्ञान बढ़ाने के लिए सीखना चाहिए। मुख्य अतिथि ने स्कूल में लगाई गई

गुरु रविदास जी ने समरस, समान और भेदभाव-मुक्त समाज का दिया संदेश

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

सोलन/बद्दी। भारतीय जनता पार्टी के समरस संकल्प अभियान के अंतर्गत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर बद्दी में जिला बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रतन पाल, जिला प्रभारी राजपाल तथा सह प्रभारी संदीपनी भारद्वाज सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजीव कटवाल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की, जहां किसी व्यक्ति का मूल्य उसकी जाति, वर्ग या जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म, चरित्र और भक्ति से तय

हो। उन्होंने जीवनभर ऊंच-नीच, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव का विरोध किया तथा प्रेम, सेवा, सत्य और समानता का संदेश दिया। संजीव कटवाल ने गुरु रविदास जी के प्रसिद्ध 'बेगमपुरा' के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु जी ने एक ऐसे आदर्श समाज की परिकल्पना की थी, जहां किसी प्रकार का दुख, भेदभाव, अन्याय, कर या भय न हो तथा प्रत्येक व्यक्ति सम्मान और समान अधिकारों के साथ जीवन व्यतीत कर सके। उनका यह संदेश आज भी सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।

महापौर सुषमा शर्मा एवं पार्षद रोहित भारद्वाज ने वार्ड नंबर-4 सलोगड़ा में किया औचक निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

सोलन। नगर निगम सोलन की महापौर सुषमा शर्मा एवं वार्ड नंबर-4 के पार्षद रोहित भारद्वाज ने आज सलोगड़ा क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सुषमा शर्मा ने कहा कि 'हमारा वार्ड स्वच्छ रहेगा, तभी हमारे लोग स्वस्थ रहेंगे।' उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के संकल्प को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना नगर निगम की प्राथमिकता है। प्रत्येक नागरिक का भी यह दायित्व है कि वह अपने आसपास स्वच्छता

बनाए रखने में सहयोग करे। पार्षद रोहित भारद्वाज ने कहा कि वार्ड नंबर-4 को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिन स्थानों पर सफाई की आवश्यकता थी, वहां तत्काल सफाई कार्य करवाया गया तथा भविष्य में नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने महापौर एवं पार्षद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में पहली बार किसी महापौर को उनके क्षेत्र में स्वयं आकर निरीक्षण करते हुए देखा है। उन्होंने नगर निगम द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छ भारत अभियान को जन-आंदोलन बनाते हुए अपने आसपास सफाई बनाए रखें और नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

कालाअंब की स्टील फैक्ट्री में गिरकर कर्मचारी की मौत, प्रबंधन पर मामला दर्ज

एसपी जैरथ

नाहन औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब स्थित एक स्टील फैक्ट्री में मेंटेनेंस कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। ओवरहेड लैडल क्रेन पर काम कर रहे एक कर्मचारी की करीब 30 फीट ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, संदीप कुमार निवासी दोराहा, जिला लुधियाना (पंजाब), जो एच.एम. स्टील में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं, ने पुलिस थाना कालाअम्ब में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में बताया गया कि 26 जुलाई 2026 को कंपनी के सीसीएम प्लांट में ओवरहेड लैडल क्रेन पर मेंटेनेंस कार्य चल रहा था। इस दौरान कई कर्मचारी क्रेन पर काम कर रहे थे।

हरिपुरधार की पीएससी को सिविल अस्पताल कर अपग्रेड किया जाए : अंकिता ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन सिरमौर जिला के गिरी पार पिछड़े क्षेत्र के हरिपुरधार में सिविल अस्पताल खोलने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है । इस क्षेत्र की भाजपा नेत्री एवं वार्ड नंबर 2 दाना घाटों से जिला परिषद सदस्य अंकिता ठाकुर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हरिपुरधार में पीएससी का दर्जा बढ़ाकर उसे सिविल अस्पताल स्तरोन्नत करने की मांग की है । अंकित ठाकुर ने जिला परिषद की बैठक में भी यह मुद्दा उठाया था और अब पत्र लिखकर प्रदेश सरकर से आग्रह किया है कि हरिपुरधार लगभग तीन दर्जन ग्राम पंचायतों का केंद्र स्थल है और यहां की पीएससी में रोजना सैकड़ों लोग इलाज कराने आते हैं परन्तु चिकित्सकों और स्टाफ की कमी के कारण यहां लोगों को समुचित इलाज सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है । जिला परिषद सदस्या ने अपने पत्र में लिखा है कि हरिपुरधार कि इस पीएचसी को 2021 में तत्कालीन जयराम सरकार ने स्तरोन्नत कर सिविल हॉस्पिटल का दर्जा दिया था और यहां डॉक्टर्स और स्टाफ भी उपलब्ध करा दिये थे परन्तु कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही इस सिविल हॉस्पिटल को डीनोटिफाई कर बन्द कर दिया था। अंकीता ठाकुर ने सरकार से आग्रह किया कि इस पिछड़े और कठिन क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को मध्यनजर रखते हु? यहां सिविल हॉस्पिटल का होना अत्यन्त आवशयक है। उन्होंने कहा कि इह पिछड़े क्षेत्र में अनेक बार दुर्घटनायें हो चुकी है परन्तु इस पीएससी में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा की उपयुक्त व्यवस्था ना होने के करण अनेक लोग अपनी जान से हाथ दो बैठे हैं । उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस पीएससी को पुनः सिविल हॉस्पिटल के रूप में स्तरोन्नत करने का निर्णय शीघ्र लिया जाए ताकि इस दुर्गम क्षेत्र के लोगों को उनके निकटवर्ती स्वास्थ्य संस्थान में समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके।

सिरमौर में एंटी-चिट्टा अभियान - एक्शन प्लान में वसूला 51 हजार जुर्माना,65 चालान कटे

एसपी जैरथ

नाहन राज्यव्यापी एंटी-चिट्टा अभियान - एक्शन प्लान फेज-II के अंतर्गत विशेष जांच अभियान चलाया गया। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि अभियान के तहत 200 दुकानदारों की जांच की गई। इस दौरान सिगरेट एवं बीड़ी (हि.प्र.) अधिनियम, 2016 के तहत खुले सिगरेट बेचने के जुर्म में 6 चालान किए गए और 30,000 जुर्माना वसूला गया। एसपी ने बताया कि कोटपा अधिनियम, 2003 के तहत काटे 59 चालान हुए और21,100/- * जुर्माना वसूला गया ।जुर्माना स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग द्वारा वसूल किया गया नेगी ने बताया कि यह अभियान तंबाकू उत्पादों की बिक्री में नियमों के उल्लंघन की जांच और जिले में चल रहे नशा विरोधी अभियान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाया गया।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सोलन द्वारा आज यहां विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, सोलन के सभागार में डॉ. अजय पाठक की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अजय पाठक ने हेपेटाइटिस-बी के कारणों, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन के लिए एक ही सिरिंज का बार-बार अथवा कई व्यक्तियों द्वारा उपयोग करना हेपेटाइटिस-बी संक्रमण के प्रसार का एक प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में विश्वभर में लगभग 13 लाख लोगों की मृत्यु हेपेटाइटिस-बी से संबंधित

कारणों के चलते हुई, जो अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखें तथा उन्हें नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. गगन ने भी हेपेटाइटिस-बी के लक्षणों, संक्रमण के तरीकों, रोकथाम, समय पर जांच तथा टीकाकरण के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया,

ऑरेंज अलर्ट के चलते पांवटा उपमंडल के सभी स्कूल आज बंद रखने के आदेश : एसडीएम

एसपी जैरथ

नाहन भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा भारी वर्षा, फ्लैश फ्लड, आकाशीय बिजली तथा अन्य मौसम संबंधी संभावित खतरों को लेकर जारी ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर उपमंडल पांवटा साहिब के सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में मंगलवार, 28 जुलाई को अवकाश घोषित किया गया है। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) एवं एसडीएम पांवटा साहिब द्विज गोयल, आईएएस द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत जारी आदेशों के अनुसार उपमंडल के अंतर्गत संचालित सभी प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, मिडिल, हाई एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, प्ले स्कूल तथा अन्य शिक्षण संस्थान मंगलवार को बंद रहेंगे। हालांकि, यह आदेश सीबीएसई की सप्लीमेंट्री परीक्षाओं, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) की परीक्षाओं तथा अन्य केंद्रीय एवं राज्य सरकार की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा। इन परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को भी उपस्थिति से छूट रहेगी। हालांकि, संस्थानों के प्रमुख आवश्यकता पड़ने पर आपदा प्रबंधन, प्रशासनिक कार्यों एवं परीक्षा संचालन जैसे आवश्यक कार्यों के लिए सीमित कर्मचारियों की सेवाएं ले सकेंगे।

संक्षिप्त खबरें

प्राइवेट गाड़ियों में अवैध टैक्सी चालने पर कार्रवाई की मांग, सोसायटी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन, सिरमौर टैक्सी मैक्सी ऑपरेटर्स सोसायटी, नाहन ने उपायुक्त सिरमौर को ज्ञापन सौंपकर जिले में प्राइवेट वाहनों का टैक्सी के रूप में हो रहे कथित अवैध संचालन रोकने की मांग उठाई है। सोसायटी का कहना है कि पिछले करीब दो वर्षों से टैक्सी स्टैंडों की जांच के नाम पर टैक्सी चालकों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि सरकारी विभागों में निजी वाहनों का टैक्सी की तरह इस्तेमाल लगातार जारी है।

सोसायटी ने ज्ञापन में कहा है कि इससे टैक्सी संचालकों की आजीविका प्रभावित हो रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि कई सरकारी विभागों में निजी गाड़ियों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, लेकिन उनके खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। सोसायटी ने प्रशासन से मांग की है कि सरकारी विभागों में टैक्सी के रूप में चल रही निजी गाड़ियों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान और कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं ताकि टैक्सी संचालकों के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त किया जा सके। सोसायटी ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन इस मामले का शीघ्र संज्ञान लेकर उचित कदम उठाएगा, जिससे वैध टैक्सी संचालकों के हितों की रक्षा हो सके ।प्रतिनिधि मंडल डीसी मैडम नाहन से मिला जिसमें टैक्सी सोसाइटी के अध्यक्ष आकर्षण शर्मा, आदि।

70 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 31 जुलाई को

टीम एक्शन इंडिया

सोलन। ज़िला सोलन के मॉडल कैरियर सेंटर सोलन नज़दीक डीस्ट्रॉफी हास्पिटल जटोली (ज़िला रोज़गार कार्यालय) सोलन में 31 जुलाई, 2026 को 70 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी ज़िला रोज़गार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि एलआईसी ऑफ इंडिया, सोलन बीमा सखी के (50) पदों, व तपन इंडस्ट्रीज सोलन, सेल्स मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटीव कस्टमर, टीम लीडर के (20) रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट व आयु 18 से 37 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

पीलिया, स्क्रब टायफस एवं एचपीवी टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

निर्देश

उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में दिए प्रभावी रोकथाम और जनजागरूकता के निर्देश

टीम एक्शन इंडिया

मंडी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पीलिया, स्क्रब टायफस तथा एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त प्रियांशु खाती विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपूर्व देवगन ने स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी एडवाइजरी का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मानसून के दौरान स्क्रब टाइफस के मामलों में वृद्धि की संभावना रहती है। ऐसे में सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, समय पर जांच, उपचार तथा संदिग्ध मामलों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पंचायतों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, स्कूलों तथा अन्य विभागों के सहयोग से गांव-गांव लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने कहा कि समय पर उपचार, व्यक्तिगत स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल का उपयोग तथा सामुदायिक जागरूकता ही इन बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश ठाकुर ने बताया कि स्क्रब टाइफस एक जीवाणु जनित रोग है, जो संक्रमित माइट (चिगर) के काटने से फैलता है।

बिलासपुर मंडी में पंप्ड स्टोरेज जलविद्युत योजना की तैयारी, कोल डैम से जुड़ेगा नया ऊर्जा और पर्यटन विकास मॉडल

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर। बिलासपुर मंडी जिला जल्द ही ऊर्जा उत्पादन और पर्यटन विकास के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाने जा रहा है। पम्प्ड स्टोरेज हाइड्रो पावर स्कीम के तहत एनटीपीसी के कोल डैम में एक महत्वपूर्ण परियोजना प्रस्तावित की गई है। बताते चले यह योजना सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांधा धार पर भी संभावनाएं तलाशी जा रही है। जिससे क्षेत्र में बिजली उत्पादन की क्षमता और अधिक सुदृढ़ होगी।

वर्तमान में कोल डैम से लगभग 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है जबकि इस डैम से तत्तापानी तक लगभग 40 किलोमीटर लंबी झील भी बनी हुई है। इस नई योजना के लागू होने से न केवल ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी जिला बिलासपुर को नया आयाम मिलेगा।

इस योजना की विशेषता यह है कि इसमें सोलर पावर का भी उपयोग किया जाएगा। दिन के समय जब सौर ऊर्जा सस्ती और अधिक उपलब्ध होती है तब झील से पानी को लिफ्ट कर ऊपर स्थित जलाशय में संग्रहित किया जाएगा। इसके बाद, जब बिजली की मांग अधिक होगी तब इस पानी को नीचे छोड़कर टरबाइन के माध्यम से बिजली उत्पन्न की जाएगी। इस प्रकार यह योजना ऊर्जा के भंडारण और उत्पादन दोनों में सहायक सिद्ध होगी। हिमुडा के निदेशक जितेंद्र चंदेल इस महत्वाकांक्षी योजना को कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी तथा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि पंप्ड स्टोरेज तकनीक भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगी खासकर तब जब सौर और पवन ऊर्जा जैसे स्रोतों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

29 जुलाई को रिलीज़ होगा हिमाचली लोकगीत 'ध्याड़ा काटणा

टीम एक्शन इंडिया

मंडी। हिमाचली लोकसंगीत और संस्कृति को समर्पित एक नई संगीतमय प्रस्तुति 'ध्याड़ा काटणा' का इंतज़ार अब समाप्त होने वाला है। लीप म्यूज़िक के बैनर तले निर्मित यह बहुप्रतीक्षित हिमाचली लोकगीत 29 जुलाई को रिलीज़ किया जाएगा। गीत को अपनी मधुर आवाज़ से रविकांत चंदेल ने सजाया है, जबकि इसके गीत एवं संगीत रचना एसडी कश्यप द्वारा की गई है। गीत का संगीत पुलकित कुमार ने तैयार किया है, जिसमें हिमाचली लोकधुनों की मिठास और आधुनिक संगीत का सुंदर समन्वय देखने को मिलेगा। गीत का निर्देशन अनिल महंत ने किया है। वीडियो में लवीशा पंडित मुख्य भूमिका में नज़र आएँगी। पंकज वैद्य ने डीओपी, संपादन एवं कलर ग्रेडिंग का कार्य संभाला है। निशांत ठाकुर ने स्क्रीनप्ले तथा हितेश कुमार ने लाइन प्रोड्यूसर के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लीप म्यूज़िक की यह प्रस्तुति हिमाचल की लोकसंस्कृति, परंपराओं और भावनाओं को खूबसूरती से दर्शाती है। टीम को उम्मीद है कि यह गीत अपने मधुर संगीत, अर्थपूर्ण बोल और आकर्षक फिल्मांकन के कारण दर्शकों और श्रोताओं के दिलों में विशेष स्थान बनाएगा। ध्याड़ा काटणा का आधिकारिक वीडियो 29 जुलाई को केवल लीप म्यूज़िक के आधिकारिक यू ट्यूब चैनल पर रिलीज़ होगा। संगीत प्रेमियों से इस विशेष प्रस्तुति को देखने, सुनने और अपना स्नेह एवं आशीर्वाद देने की अपील की गई है।

कसौली की वादियों में पर्यावरण की अलख: गिलबर्ट ट्रेल में पौधारोपण से दिया स्वच्छता का संदेश

टीम एक्शन इंडिया
विशाल

कसौली। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए ऐतिहासिक गिलबर्ट ट्रेल में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में सेंट मैरी स्कूल के इको क्लब के बच्चों और शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और पौधे रोपे ।इस मौके पर छावनी परिषद (कैंट बोर्ड) के कर्मचारी, वन विभाग के अधिकारी और स्थानीय लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक रोहित पुरी और शुभम सूद ने आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न करवाने में अपनी मुख्य भूमिका निभाई। आयोजकों ने इस मुहिम को सफल बनाने के लिए छावनी परिषद की मुख्य अधिशासी अधिकारी (ष्टश्वह्र) सुमन सौरभ और ब्रिगेडियर संदीप मदान, एस एच ओ कसौली घनश्याम अत्रि का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन और बहुमूल्य योगदान के बिना इस स्तर पर पौधारोपण अभियान को सफल बनाना संभव नहीं था।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कसौली की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखना और युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है।

नॉर्थ ज़ोन शूटिंग चैंपियनशिप में आर्यन सकलानी ने किया नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई

एसपी जैरथ

नाहन हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब, धौलाकुआं के सदस्य आर्यन सकलानी ने क्वालिफाइंग राउंड में 25 टारगेट (बर्ड्स) में से 19 पर सटीक निशाना साधकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित किया। कोच ने उपलब्धि को मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया शूटिंग क्लब के कोच एवं महासचिव सुरेश चौहान ने बताया कि आर्यन की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि क्लब को उम्मीद है कि आर्यन नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भी बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश और जिला सिरमौर का नाम रोशन करेंगे। हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब ने आर्यन सकलानी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

निर्माणाधीन क्षेत्रीय अस्पताल में दो वर्ष से अधिक की देरी, जनता इलाज के लिए परेशान-शैलेन्द्र

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

सोल। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र ने कहा कि सोलन के कथेड़ बाईपास में निर्माणाधीन 200 बिस्तरों वाले आधुनिक क्षेत्रीय अस्पताल का शिलान्यास वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर तथा तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सहजल द्वारा किया गया था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की प्रारंभिक अनुमानित लागत 90 करोड़ 30 लाख निर्धारित की गई थी, लेकिन निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी के कारण इसकी लागत अब काफी बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का निर्माण मार्च 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन समय पर कार्य पूरा नहीं हो सका। इसके बाद सरकार ने नई समय-सीमा अप्रैल 2026 तय की, किंतु वह समय-सीमा भी समाप्त हो चुकी है और आज भी अस्पताल का निर्माण अधूरा है। दो वर्षों से अधिक की देरी के बावजूद निर्माण कार्य में अपेक्षित गति देखने को नहीं मिली। शैलेन्द्र ने कहा कि जनता को बार-बार निरीक्षण और फोटो सेशन के माध्यम से केवल आश्वासन दिए गए, लेकिन धरातल पर काम की गति कभी नहीं बढ़ी। माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री धनीराम शांडिल जी ने अपना उत्तराधिकारी चुनने में जितनी तत्परता दिखाई, यदि उतनी ही गंभीरता और तेजी विकास कार्यों को गति देने में दिखाई होती, तो आज सोलन की यह दुर्दशा नहीं होती। उन्होंने कहा कि सोलन-सपाटू मार्ग का भी फरवरी माह में निरीक्षण कर केवल फोटो खिंचवाए गए और लोगों को बड़े-बड़े आश्वासन दिए गए, लेकिन आज तक इस सड़क के सुधार के लिए बजट का कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। परिणामस्वरूप जनता आज भी बदहाल सड़क पर सफर करने को मजबूर है।

संपादकीय

कांवड़ यात्रा : भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर

सावन महीने की शुरूआत होते ही हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक, गंगा गंगोत्री से लेकर रामेश्वरम तक सम्पूर्ण भारत शिवमय हो उठता है। सावन माह में शि?वभक्तों की विशाल पदयात्राएं जो कांवड़ यात्रा के नाम से जानी जाती है, भारतीय संस्कृति की जीवंतता का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करती हैं। कंधों पर सुसज्जित कांवड़, मुख पर ₹बोल बम₹ का उद्घोष, हृदय में भगवान शिव के प्रति अनन्य भक्ति। यही है कांवड़ यात्रा का वास्तविक स्वरूप। कांवड़ यात्रा केवल एक सामान्य यात्रा नहीं है बल्कि ये तपस्या, भक्ति और श्रद्धा की वह गाथा है जो शताब्दियों से चली आ रही है। धर्मशास्त्रों के अनुसार जब कांवड़ से जुड़े दोनों पात्र जिन्हें ब्रह्मघट और विष्णुघट कहा जाता है, पवित्र जल से भर लिए जाते हैं, उन्हें एक बांस की डण्डी के सहारे सजा-धजा कर और पूजित कर स्थापित कर दिया जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार रूद्र अर्थात शिव बांस में समाहित हैं। कांवड़िया कांवड़ के माध्यम से साक्षात ब्रह्मा, विष्णु, शिव, तीनों की कृपा एक साथ प्राप्त करते हैं। भारत में दो कांवड़ यात्राएं होती हैं, दिल्ली से उत्तराखंड-गंगोत्री, ऋषिकेश या हरिद्वार तक की कांवड़ यात्रा और बिहार और झारखंड में सुल्तानगंज से देवघर तक की कांवड़ यात्रा। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से सैकड़ों-हजारों लोग, युवा से लेकर बुजुर्ग तक, जिनमें महिलाएं और कभी-कभी बच्चे भी कांवड़ यात्रा में भाग लेते हैं। कंधों पर लटका पवित्र जल भगवान शिव को समर्पित है, जिन्हें अक्सर भोला या भोले बाबा कहकर पुकारा जाता है। भोले का अर्थ भोलेनाथ, यानी भगवान शिव भी हो सकता है। इसलिए, तीर्थयात्री भोला और भोले हैं! वर्तमान में, कांवड़ यात्रा विश्व की सबसे बड़ी धार्मिक पदयात्राओं में मानी जाती है। आधुनिक समय में इसकी भव्यता अत्यधिक बढ़ी है, किंतु इसकी आध्यात्मिक जड़ें वैदिक एवं पौराणिक परंपराओं में गहराई तक समाई हुई हैं। प्राचीन ग्रंथों में कांवड़ यात्रा का उल्लेख प्रायः किया जाता है। यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है कि ₹कांवड़ यात्रा₹ का उल्लेख किस ग्रंथ में मिलता है? इसका उत्तर थोड़ा सूक्ष्म है। ₹कांवड़₹ शब्द अपने वर्तमान अर्थ में पुराणों में प्रत्यक्ष रूप से नहीं मिलता। किंतु पवित्र नदी से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करने की परंपरा का वर्णन अनेक पुराणों में स्पष्ट रूप से मिलता है। वर्तमान कांवड़ यात्रा उसी प्राचीन शिवाभिषेक परंपरा का आधुनिक स्वरूप मानी जाती है। अर्थात कांवड़ यात्रा का भाव पुराण सम्मत है, जबकि ₹कांवड़₹ शब्द अपेक्षाकृत उत्तरकालीन लोक प्रचलित नाम है। ₹कंवार₹ शब्द की व्युत्पत्ति, जिसका अर्थ ₹कंधा₹ है। कांवड़ में दूर-दूर से पवित्र नदियों, खासकर गंगा का जल भरकर लाते हैं। इसे पैदल यात्रा करते हुए शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। इस संकल्प यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण होता है कांवड़ को अपने कंधे पर उठाकर ले जाना। यह कोई साधारण परंपरा नहीं है।

जन स्मृतियों में आज भी जिंदा हैं जिम कॉर्बेट

प्रयाग पाण्डे

"1893 से 1914 के दौरान मोकामाघाट में रेलवे की नौकरी के कालखंड को छोड़कर जिम कॉर्बेट का अधिकांश जीवन नैनीताल और कालाढूंगी में ही बीता। जिम कॉर्बेट भारत भूमि और भारत के गरीबों से बेपनाह मोहब्बत करते थे। जिम कॉर्बेट ने अपनी बहुचर्चित किताब ₹माय इंडिया₹ हिंदुस्तान के गरीबों को समर्पित की है। जिम कॉर्बेट ने माय इंडिया की प्रस्तावना में लिखा है :- ₹जिस हिंदुस्तान को मैं जानता हूँ, उसमें चालीस करोड़ लोग रहते हैं, जिनमें से नब्बे फीसदी लोग सीधे-सादे, ईमानदार, बहादुर, वफादार और मेहनती हैं

प्रकृति के सजग चितेरे, वन्यजीव विज्ञानी, शिकार कथाओं के लेखक और प्रसिद्ध शिकारी जेम्स एडवर्ड कॉर्बेट यानी जिम कॉर्बेट का 25 जुलाई को 151वाँ जन्मदिन है। जिम कॉर्बेट भले ही शारीरिक रूप से अब दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 79 वर्ष पहले भारत को अलविदा कह दिया था। 71 वर्ष पूर्व उनकी आत्मा अनंत में विलीन हो चुकी है। इसके बावजूद अपनी नेकदिली और भलमनसाहत के चलते जिम कॉर्बेट भारत के सामाजिक जीवन का अटूट हिस्सा बने हुए हैं। जिम कॉर्बेट को मानवीय गुणों से सुसंपन्न, भारत एवं भारत के गरीबों के आत्मीय दोस्त और शुभचिंतक के रूप में आज भी याद किया जाता है। जिन लोगों ने जिम कॉर्बेट को कभी देखा नहीं, वे भी गरीबों से अगाध प्रेम करने वाले नेक दिल इंसान के रूप में जिम के प्रति श्रद्धा रखते हैं, प्रतिवर्ष उनका जन्मदिन और पुण्यतिथि मनाते हैं। जिम की उदारता के लिए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। जेम्स एडवर्ड कॉर्बेट के पुरखे मूलतः आयरिश नागरिक थे। कॉर्बेट का कुटुंब तीन पीढ़ियों तक भारत में रहा। जिम कॉर्बेट का जन्म 25 जुलाई,1875 को नैनीताल में हुआ था। इस दृष्टि से वे जन्म से भारतीय थे। संस्कारों से भी। जिम के पिता का नाम क्रिस्टोफर विलियम कॉर्बेट था। वे नैनीताल के हेड पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर थे। उनकी माँ का नाम मैरी जेन कॉर्बेट था।

जिम, क्रिस्टोफर विलियम कॉर्बेट और मैरी जेन की आठवीं, क्रिस्टोफर विलियम कॉर्बेट की ग्यारहवीं जबकि मैरी जेन की बारहवीं संतान थे।

जिम कॉर्बेट की ख्याति एक कुशल शिकारी और शिकार कथाओं के रूप में है, लेकिन यह उनके व्यक्तित्व का अधूरा पक्ष है। वे अचूक निशानेबाज तो थे ही, इसी से उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। इसके इतर वे गरीबों के प्रति अत्यधिक उदार और मानवीय गुणों से भरे संवेदनशील भलमानुष भी थे। उन्होंने अनेक बार स्वयं के जीवन को गंभीर संकट में डालकर मानव जीवन की रक्षा की। गरीबों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे। इसी भलमनसाहत के चलते जिम कॉर्बेट के जन्म से ईसाई होने के बावजूद उत्तराखंड की धर्मभीरू जनता ने उन्हे 'गोरा साधु' की संज्ञा दी थी।



जिम कॉर्बेट ने स्वयं संघर्षपूर्ण जीवन जिया। व्यक्तिगत जीवन में अनेक संकट झेले, लेकिन जनता के व्यापक हित में अपने निजी और पारिवारिक कष्टों को नजरअंदाज कर दिया। जिम कॉर्बेट ने करीब डेढ़ हजार लोगों को मारने के लिए जिम्मेदार दर्जन भर से अधिक खूंखार नरभक्षियों का अत्यंत साहस और बहादुरी के साथ मुकाबला किया। अपने प्राणों की परवाह किए बिना नरभक्षियों से लड़े। जिन आदमखोरों के सामने देश- विदेश के अनेक नामचीन निशानेबाजों ने हथियार डाल दिए थे, जिम कॉर्बेट ने अकेले उनका खात्मा कर उत्तराखंड के निवासियों को नरभक्षियों के आतंक से मुक्ति दिलाई। नरभक्षियों को ठिकाने लगाने में उनके द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस को देखते हुए उत्तराखंड का जनमानस जिम कॉर्बेट को चमत्कारिक शक्ति से संपन्न व्यक्ति मानता था। जिम कॉर्बेट के जीवन का अधिकांश हिस्सा कुदरत के निकट सान्निध्य में बीता। उन्होंने जंगल को अपने भीतर सोख लिया था। उनका संपूर्ण जीवन प्रकृति के सूक्ष्म और गहन रहस्यों को जानते और आत्मसात करने में बीता। स्वअर्जित जंगल ज्ञान के बूते ही वे प्रकृति के ज्ञाता बने और दुर्दांत नरभक्षियों को मारने में सफल हुए। जिम कॉर्बेट का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे प्रकृति विज्ञानी, वन्यजीव विशेषज्ञ एवं मशहूर शिकारी थे साथ ही वन्यजीव रक्षक भी। उन्होंने रेलवे में नौकरी की। सेना में भी सेवाएं दी। जिम कॉर्बेट को सेना में कर्नल की पदवी से नवाजा गया था। वे लोकप्रिय जनप्रतिनिधि भी रहे। जिम कॉर्बेट ने 1907 से 1940 के कालखंड में नैनीताल नगर पालिका के सदस्य, उपाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन किया। वे ठेकेदार भी थे और संपत्ति एजेंट भी। जिम सिद्धहस्त लेखक भी थे और प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर भी। जिम की तत्कालीन अंग्रेज शासकों के साथ निकटता भी थी और वे भारत के गरीबों के अजीज दोस्त एवं हमदर्द भी थे। जिम कॉर्बेट के व्यक्तित्त्व का सबसे उजला पक्ष था- उनकी दानशीलता और गरीबों के प्रति आत्मीयता।

1893 से 1914 के दौरान मोकामाघाट में रेलवे की नौकरी के कालखंड को छोड़कर जिम कॉर्बेट का अधिकांश जीवन नैनीताल और कालाढूंगी में ही बीता। जिम कॉर्बेट भारत भूमि और भारत के गरीबों से बेपनाह मोहब्बत करते थे। जिम कॉर्बेट ने अपनी बहुचर्चित किताब "माय इंडिया" हिंदुस्तान के गरीबों को समर्पित की है। जिम कॉर्बेट ने "माय इंडिया" की प्रस्तावना में लिखा है:- "जिस हिंदुस्तान को मैं जानता हूँ, उसमें चालीस करोड़ लोग रहते हैं, जिनमें से नब्बे फीसदी लोग सीधे- सादे, ईमानदार, बहादुर, वफादार और मेहनती हैं,जिनकी रोजाना की इबादत- ऊपर वाले से और जो भी सरकार गद्दी पर हो, से यही रहती है कि उनकी जान-माल की सलामती बनी रहे और वो अपनी मेहनत का फल अच्छे से खा सकें। हिंदुस्तान के ये वो लोग हैं, जो निपट गरीब हैं और जिन्हें अक्सर 'हिंदुस्तान के करोड़ों अधपेटे' कहा जाता है। ये वे लोग हैं जिनके बीच मैं रहा हूँ और जिनसे मैं मोहब्बत करता हूँ। यही वो लोग हैं जिनके बारे में बताने की कोशिश मैं इस किताब के पन्नों में करूँगा,और यह किताब मैं अपने उन्हीं दोस्तों के नाम करता हूँ। हिंदुस्तान के गरीबों के नाम।"जिम कार्बेट और उनकी बहन मारग्रेट विनिफर्ड "मैगी" ने 30 नवंबर, 1947 को भारी मन से नैनीताल को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था। वे रोते- बिलखते सेवकों को छोड़कर केन्या की ओर चल पड़े। जिम कॉर्बेट और मैगी कभी नैनीताल नहीं छोड़ना चाहते थे। नैनीताल छोड़ते समय अपनी मनोदशा के बारे में जिम कॉर्बेट की बहन मैगी ने केन्या से अपने किसी मित्र को भेजे पत्र में लिखा था:-"जिस सुबह हम निकलने वाले थे,सुबह सबसे पहले हमने तालाब को देखा, सुबह की रोशनी में तालाब बेहद खूबसूरत दिख रहा था। तालाब की इस खूबसूरती को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है। हमारे नौकरों ने हमारा जाना आसान नहीं किया, वे रो रहे थे। उनके आंसू गालों से नीचे को लुढ़क रहे थे।जब हम पहाड़ी से नीचे उतर रहे थे, हमने मुड़कर उस घर (गर्नी हाउस) को देखा, जिस घर को अब हम दुबारा कभी नहीं देख पाएंगे।"

जिम कॉर्बेट बेहतरीन शिकारी ही नहीं बल्कि उच्चकोटि के आदर्शवादी इंसान भी थे। जिम कॉर्बेट ने दर्जनों आदमखोर बाघ,तेंदुए और शेरों को उनके अंतिम अंजाम तक पहुँचाया, लेकिन वे आमदखोर जानवर को भी अपने बचाव का भरपूर अवसर देने के प्रबल पक्षधर थे। जिम कॉर्बेट के इस उच्च स्तरीय आदर्शवादिता को एक वाकये से बखूबी समझा जा सकता है। जब जिम कॉर्बेट मोहान के खूंखार नरभक्षी शेर को मारने के लिए घने जंगल में अकेले उसका पीछा कर रहे थे, एकाएक एक गहरी संकरी खाई में जिम कॉर्बेट और नरभक्षी शेर का प्रत्यक्ष आमना- सामना हो गया। शेर, चारे के रूप में लगाए गए कटड़े को खा कर संकरी खाई में टूटे वृक्ष के तने के नीचे आराम फरमा रहा था। नरभक्षी को खोजते हुए जिम उसके बेहद करीब पहुँच गए।

नई दिल्ली कार्यालय
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

उत्तरी दिल्ली कार्यालय
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

चंडीगढ़ कार्यालय
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

पंजाब कार्यालय
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

करनाल कार्यालय
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

सोनीपत कार्यालय
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

शिमला कार्यालय
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

ऊना कार्यालय
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

देहरादून कार्यालय
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

लंबी उम्र, लेकिन जीवन स्वस्थ क्यों नहीं? ..

मान लो "यदि किसी व्यक्ति की आयु 80 वर्ष है, लेकिन अंतिम 10झ्15 वर्ष अस्पतालों, दवाइयों और दूसरों पर निर्भरता में बीतते हैं, तो क्या इसे वास्तविक प्रगति कहा जा सकता है?" यही प्रश्न आज पूरे विश्व के सामने खड़ा है। पिछले कुछ दशकों में चिकित्सा विज्ञान ने औसत जीवन-प्रत्याशा बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। भारत सहित अधिकांश देशों में लोग पहले की तुलना में अधिक समय तक जीवित रह रहे हैं। किंतु इसके साथ एक चिंताजनक प्रवृत्ति भी तेजी से उभरकर सामने आई है! लोग अधिक वर्ष तो जी रहे हैं, परंतु जीवन के अंतिम 8 से 10 वर्ष गंभीर बीमारियों, शारीरिक अक्षमता और मानसिक तनाव के बीच बिताने को विवश हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य वैश्विक स्वास्थ्य अध्ययनों में बार-बार यह तथ्य सामने आया है कि जीवन-प्रत्याशा बढ़ने के बावजूद स्वस्थ जीवन-प्रत्याशा उतनी तेजी से नहीं बढ़ी। अर्थात मनुष्य की आयु तो बढ़ रही है, लेकिन स्वस्थ रहने के वर्ष अपेक्षाकृत कम हैं।इसका सबसे बड़ा कारण बदलती जीवनशैली है।

आधुनिक जीवन ने मनुष्य को सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन शारीरिक श्रम छीन लिया है। घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना, मोबाइल और कंप्यूटर पर निर्भरता, जंक फूड, अत्यधिक चीनी और नमक का सेवन, नींद की कमी तथा मानसिक तनाव ने शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर दिया है। परिणामस्वरूप मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, गठिया, किडनी रोग, फैटी लिवर और अल्जाइमर जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले संक्रामक रोग मृत्यु का प्रमुख कारण थे, लेकिन आज गैर-संचारी रोग सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं। हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह और कैंसर देश में होने वाली अधिकांश मौतों और दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारण हैं। इन बीमारियों का प्रभाव केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रहा; अब 35 से 50 वर्ष की आयु के लोग भी इनके शिकार हो रहे हैं। एक और महत्वपूर्ण कारण है - चिकित्सा विज्ञान की सफलता। पहले जिन बीमारियों से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती थी, आज आधुनिक उपचार उन्हें लंबे समय तक जीवित रखता है। लेकिन कई बार यह अतिरिक्त जीवन पूर्णतः स्वस्थ नहीं होता, बल्कि दवाओं, नियमित जांच और चिकित्सकीय देखभाल पर निर्भर होता है। अर्थात चिकित्सा ने मृत्यु को टाल दिया है, किंतु हर स्थिति में पूर्ण स्वास्थ्य वापस नहीं ला पाई है। मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही गंभीर विषय बन चुका है। अकेलापन, अवसाद, चिंता, सामाजिक अलगाव और डिजिटल जीवनशैली ने वृद्धावस्था को और कठिन बना दिया है। संयुक्त परिवारों के विघटन के कारण अनेक बुजुर्ग भावनात्मक सहारे से भी वंचित हो रहे हैं!

विचार

मध्य प्रदेशः जंगल उजाड़ कर बाघ संरक्षण संभव नहीं

उमंग सिंघार

29 जुलाई को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाती है। लेकिन मध्य प्रदेश में बाघ संरक्षण को विकास परियोजनाओं और भ्रष्टाचार के गठजोड़ से उजाड़ा जा रहा है। केन-बेतवा लिंक परियोजना, भोपाल का पश्चिमी बाईपास, विभिन्न सड़क और रेल परियोजनाएं तथा वन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ता भूमि कारोबार यह संकेत देते हैं कि विकास की वर्तमान दिशा पर गंभीर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

मध्य प्रदेश स्वयं को ₹टाइगर स्टेट₹ कहकर गौरवान्वित महसूस करता है। इसके लिए मैं सभी बाघ प्रेमियों को संरक्षण के प्रहरी के रूप में शुभकामनाएं देता हूँ, लेकिन सरकार से मेरे कुछ सवाल हैं। सरकार जिस तरह का प्रचार करती हैं और सरकार बाघों की संख्या बढ़ने के आंकड़े प्रस्तुत करती है और संरक्षण की उपलब्धियों का श्रेय लेती है, उसके उलट अंदर की सच्चाइयां कुछ और हैं । एक गंभीर प्रश्न आज हर नागरिक को पूछना चाहिए,क्या केवल बाघों की संख्या बढ़ा देना ही संरक्षण है, या उनके जंगल, प्राकृतिक गलियारे और आवास बचाना भी उतना ही आवश्यक है? आवास को उजाड़ कर बाघ संरक्षण नहीं हो सकता।

आज मध्य प्रदेश में बाघ संरक्षण को विकास परियोजनाओं और भ्रष्टाचार के गठजोड़ से उजाड़ा जा रहा है। कहना चाहिए सरकार खुले आम बाघ आवासों को उजाड़ रही हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना, भोपाल का पश्चिमी बाईपास, विभिन्न सड़क और रेल परियोजनाएं तथा वन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ता भूमि कारोबार यह संकेत देते हैं कि विकास की वर्तमान दिशा पर गंभीर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

केन-बेतवा परियोजना के नाम पर पन्ना टाइगर रिजर्व के महत्वपूर्ण हिस्से के डूबने की आशंका व्यक्त की गई है। लाखों पेड़ों की कटाई, हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र का नुकसान और बाघों सहित अनेक वन्यजीवों के आवास पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर वर्षों से विशेषज्ञ चिंता जता रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय की समिति ने केन बेसिन में अतिरिक्त जल की अवधरणा पर सवाल खड़े किये हैं। कई स्वतंत्र पर्यावरण विशेषज्ञों ने परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर सवाल उठाए हैं। इनका उत्तर देने के बजाय सरकार ने उन्हें औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित कर दिया। एक तरह से ये मामले की गंभीरता को समझे बिना नजरअंदाज करना है।

भोपाल का पश्चिमी बाईपास एक और चिंताजनक उदाहरण है। यह परियोजना उस वन्यजीव गलियारे से जुड़ी है जिसे विशेषज्ञ शहरी बाघों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हैं। इसी परियोजना को लेकर यह आरोप भी सामने आए हैं कि प्रस्तावित मार्ग के आसपास कुछ अधिकारियों द्वारा पहले जमीन खरीदी गई और बाद में परियोजना के कारण उसकी कीमतों में भारी वृद्धि हुई। इन आरोपों की सत्यता का निर्धारण केवल स्वतंत्र जांच ही कर सकती है। लेकिन जब इतने गंभीर आरोप सामने आए हों, तब सरकार की पहली जिम्मेदारी पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना होती है, न कि मौन धारण करना।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि जनता के मन में यह धारणा बनने लगे कि विकास परियोजनाओं के निर्णय पर्यावरणीय आवश्यकता से अधिक भूमि मूल्य बढ़ाने या निजी हितों से प्रभावित हैं, तो शासन व्यवस्था की विश्वसनीयता कमजोर होती है। विकास का उद्देश्य कुछ लोगों की संपत्ति का मूल्य बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज का संतुलित और न्यायपूर्ण विकास होना चाहिए।

सवाल केवल भ्रष्टाचार के आरोपों का नहीं है, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही का भी है। यदि किसी परियोजना के कारण बाघ गलियारे प्रभावित होते हैं, तो विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन सार्वजनिक क्यों नहीं किए जाते? यदि सरेखण बदले जाते हैं, तो उनके कारण जनता के सामने क्यों नहीं रखे जाते? यदि पर्यावरणीय प्रभाव आकलन हुआ है, तो उसकी पूरी जानकारी सार्वजनिक डोमेन में क्यों उपलब्ध नहीं होती? लोकतंत्र में पारदर्शिता विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

मध्य प्रदेश में पन्ना टाइगर रिजर्व को पुनर्जीवित करना संरक्षण की प्रेरक कहानी है तो दूसरी ओर वही सरकार ऐसी परियोजनाओं को बिना पर्याप्त पारदर्शिता और पर्यावरणीय सावधानी के आगे बढ़ाती है, जिनसे बाघों के आवास और प्राकृतिक गलियारे प्रभावित होने की आशंका है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)

स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा (9418026789)

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

ब्यूटी टिप्स

अनचाहे बालों को हटाने के लिए अपनाएं देसी नुस्खे----

शहनाज हुसैन

चेहरे पर अनचाहे बाल एक सामान्य बात है लेकिन ज्यादातर महिलाएं इनसे कही ज्यादा परेशान दिखती हैं / महिलाओं के चेहरे पर यह बाल अनुवांशिक /जेनेटिक होते हैं जिससे ठोड़ी या ऊपरी होंठ पर घने और काले बाल आ जाते हैं./

कुछ मामलों में हार्मोनल असुंतलन / शारीरिक रोगों की बजह से भी यह बाल चेहरे पर उग आते हैं / अगर यह बाल अपर लिप्स या गालों पर हों तो यह खूबसूरती विगाड़ देते हैं /

चेहरे के यह बाल न केवल देखने में बुरे लगते हैं बल्कि इन्हें वैक्सिंग / थ्रेडिंग जैसे तरीकों से हटाने में काफी दर्द भी झेलना पड़ता है और उल्टा नुकसान भी हो जाता है / मेरा यह मानना है की इन बालों को हटाने के लिए पार्लर जाने की कतई जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें आप प्रकृतिक तरीके से बिना साइड इफेक्ट के आसानी से हटा सकती हैं

/1 --बेसन और हल्दी का स्क्रबः ---

---बेसन और हल्दी का स्क्रब बनाने के लिए कांच के एक कटोरे में दो चमच्च बेसन , आधा चमच्च हल्दी पाउडर ,थोड़ा सा दूध और थोड़ा सा शहद मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें / इसे आप चेहरे , गालों और बालों बाले हिस्सों पर लगाएं और आधा घण्टा बाद धीरे धीरे रगड़कर हटा दें / इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो डालें /

बेसन और हल्दी का पेस्ट तैयार करने के लिए एक कटोरे में बेसन और हल्दी लें। इसके बाद इसमें दूध और मलाई डालकर पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे के उस हिस्से में लगाएं जहां पर अनचाहे बाल ज्यादा हैं। लगभग 20 मिनट के बाद हल्के हाथ से मालिश करते हुए इसे हटा दें। सादे , ताजे पानी से चेहरे को धो लें।

बेसन न केवल त्वचा से अनचाहे बालों को हटाता है बल्कि त्वचा में प्रकृतिक निखार भी लाता है /

2 --हल्दी पपीता----

चेहरे के छोटे-छोटे बालों को हटाने के लिए हल्दी और पपीते का मास्क भी कारगर सावित होता है / इसके लिए कांच के कटोरे में पपीते के टुकड़े को अच्छे से मसल लें।

कृष्ण और सुदामा की अद्वितीय मित्रता

मानव जीवन में मित्रता सबसे पवित्र और अनमोल संबंधों में से एक है। रक्त संबंधों से परे यह ऐसा बंधन है, जो विश्वास, स्नेह, त्याग, सहयोग और आत्मीयता के सूत्रों से जुड़ा होता है। मित्रता मनुष्य के जीवन को सुख-दुःख, संघर्ष और सफलता के प्रत्येक पड़ाव पर संबल प्रदान करती है। इसी अमूल्य संबंध के महत्व को रेखांकित करने के लिए प्रतिवर्ष 30 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति और पौराणिक परंपरा में मित्रता के अनेक उदाहरण मिलते हैं, किंतु भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता को संसार की सबसे आदर्श और प्रेरणादायक मित्रताओं में गिना जाता है। यह केवल दो मित्रों की कथा नहीं, बल्कि प्रेम, समानता, विनम्रता, करुणा और निःस्वार्थ भाव का ऐसा अनुपम उदाहरण है, जो युगों-युगों से मानवता को प्रेरणा देता आ रहा है। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा ने महर्षि सांदीपनि के आश्रम में एक साथ शिक्षा प्राप्त की थी। गुरुकुल में दोनों ने समान रूप से अध्ययन, सेवा और तपस्या की। यद्यपि श्रीकृष्ण स्वयं भगवान विष्णु के अवतार थे, फिर भी उन्होंने कभी अपने मित्र के साथ भेदभाव नहीं किया। दोनों के मध्य गहरा स्नेह और आत्मीयता थी।

एक प्रसिद्ध पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार गुरुमाता ने दोनों को वन से लकड़ियां लाने भेजा। अचानक भीषण वर्षा और तूफान आ गया। दोनों मित्र पूरी रात जंगल में भीगते रहे, किंतु एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। उनकी इस निष्ठा और सेवा भावना से प्रसन्न होकर गुरु सांदीपनि ने उन्हें आशीर्वाद दिया। यही मित्रता आगे चलकर आदर्श मित्रता का प्रतीक बनी। समय बीतने के साथ श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बने और सुदामा एक अत्यंत निर्धन ब्राह्मण के रूप में जीवन यापन करने लगे। आर्थिक अभाव इतना था कि कई बार उनके परिवार को भोजन तक उपलब्ध नहीं हो पाता था। किंतु सुदामा ने कभी अपनी निर्धनता को अपनी आत्मिक समृद्धि पर हावी नहीं होने दिया। वे सदैव भगवान श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा और प्रेम में लीन रहते थे।

हरित एवं आधुनिक परिवहन व्यवस्था राज्य सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से उत्तराखंड में स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति-2024 लागू की गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति-2024 के तहत छह लाभार्थियों को सब्सिडी चेक वितरित किए और 11 स्वच्छ ईंधन आधारित वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पांच अन्य लाभार्थियों की सब्सिडी एवं स्वीकृति प्रक्रिया भी परिवहन विभाग की ओर से पूर्ण की जा चुकी है। धामी ने कहा कि यह पहल केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि प्रदेश में स्वच्छ ईंधन आधारित सार्वजनिक परिवहन को

बढ़ावा देने और डीजल चालित वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि

जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हरित ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और राज्य सरकार भी इसी सोच के अनुरूप स्वच्छ परिवहन, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, ईवी चार्जिंग स्टेशन और आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली के विकास पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को हरित विकास का राष्ट्रीय मॉडल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत 40 हजार रूफटॉप सोलर संयंत्रों का प्रारंभिक लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल कर लिया गया है तथा कुल लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक सविता कपूर, देहरादून के मेयर सौरभ थपलियाल, सचिव परिवहन रविनाथ रमन और अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मप्र: राज्य के सर्वांगीण विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 2, 480 करोड़ रुपये स्वीकृत

टीम एक्शन इंडिया

भोपाल। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के सर्वांगीण विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार और जनकल्याण को गति देने के लिए लगभग 2 हजार 480 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में खेल गतिविधियों, सिंचाई, महिला सशक्तीकरण, सूचना प्रौद्योगिकी और किसान कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगाई गई। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए प्रमुख निर्णयों में अक्टूबर 2026 में भोपाल में 'महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी' के भव्य आयोजन के लिए 18 करोड़ 74 लाख रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई, जिससे राज्य की खेल अवसंरचना और पर्यटन को वैश्विक पहचान मिलेगी। कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए रिहन्द एवं मल्हारगढ़ सिंचाई परियोजनाओं और किसानों को समर्थन मूल्य पर

बोनस भुगतान योजना की निरंतरता को मंजूरी मिली। उन्होंने बताया कि प्रदेश को तकनीकी रूप से अग्रणी बनाने के उद्देश्य से आईआईएसईआर भोपाल में ड्रोन टेक्नोलॉजी आधारित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' और आईटी पार्कों के विकास के लिए 857 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। इन निर्णय में आई टी पार्क की स्थापना के वर्ष 2031 तक संचालन की निरंतरता की स्वीकृति महत्वपूर्ण है, इसके तहत करीब 8000 युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए 198 करोड़ रुपये, कर्मचारी कल्याण एवं पेंशन योजनाओं के लिए 982 करोड़ रुपये और ग्वालियर में विद्युत सुरक्षा के निरीक्षकालय के नवीन वृत्त कार्यालय और नारायणगढ़ में 9 नए न्यायिक पदों के सृजन को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

अक्टूबर में महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी 2026 का आयोजन

मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2026 में भोपाल के बरखेड़ा नाथू में स्थित अन्तरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी 2026 का आयोजन होगा। मंत्री-परिषद ने इसके लिए संभावित व्यय राशि 18 करोड़ 74 लाख रुपये के व्यय की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है।

उन्होंने बताया कि हॉकी इण्डिया को अन्तरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा देश में हॉकी खेल का संचालन, प्रोत्साहन और अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं के आयोजन के

स्वीकृति

भोपाल में महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी के आयोजन के लिए 18 .74 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति

लिए अधिकृत किया गया है। प्रतियोगिता वर्ष 2010 से निरन्तर दो वर्ष के अन्तराल में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य एशियाई महिला हॉकी टीमों की प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना है। महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी 2026 में एशिया की प्रमुख 6 महिला टीमों (भारत, चीन, जापान, मलेशिया, साउथ कोरिया, एवं थाईलैण्ड) के लगभग 200 खिलाडी व सपोर्ट स्टॉफ के सम्मिलित होने की संभावना है। यह अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हॉकी इण्डिया और खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। अनुबंध अनुसार हॉकी इण्डिया को खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 'पेजेंटिंग पार्टनर' राईटस के लिए 11 करोड़ रुपए दिये जाएंगे। अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विभाग दवारा 7 करोड़ 74 लाख रुपये का व्यय किया जायेगा। इस प्रकार आयोजन पर लगभग 18 करोड़ 74 लाख रुपये का व्यय होना संभावित है। भोपाल के बरखेड़ा नाथू में अन्तरराष्ट्रीय स्पोटर्स कॉम्पलेक्स को नवीन एवं आधुनिक तकनीकों के अनुरूप अन्तरराष्ट्रीय स्तर की प्रमुख प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयार किया गया है। एशिया स्तर की अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन से वैश्विक स्तर पर मध्य प्रदेश में निर्मित खेल अधोसरंचना का प्रचार प्रसार होगा। इससे प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों के मनोबल में वृद्धि होगी और एशिया के प्रमुख देशों से सम्मिलित हुई टीमों के खिलाड़ियों के भोपाल आगमन से प्रदेश में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

असम के सभी विधायकों ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए एक माह की सैलरी का किया दान

टीम एक्शन इंडिया

गुवाहाटी। असम विधानसभा के बजट सत्र के प्रश्नकाल के बाद आज विधानसभा अध्यक्ष रंजीत कुमार दास ने कहा कि असम में आई विनाशकारी बाढ़ से खासकर ऊपरी असम के तीन जिलों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। ऐसे में बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए सरकार के साथ ही विभिन्न संगठन भी अपनी ओर से मदद का हाथ आगे बढ़ा रहे हैं। ऐसे में मैं (रंजीत दास) और विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. हाब्बे तेरन ने अपने एक माह का वेतन बाढ़ पीड़ितों के लिए दान करने का निर्णय लिया है।

अध्यक्ष दास ने साथ ही कहा कि विधानसभा सचिवालय के कर्मचारियों ने भी अपनी एक दिन के वेतन को बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए देने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष ने इस आपदा में सभी से एकजुट होकर प्रभावितों की मदद का आह्वान किया। अध्यक्ष के इस कदम का सदन में उपस्थित सभी विधायकों ने मेज थपथपा कर स्वागत किया। वहीं संसदीय कार्य मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि भाजपा के सभी विधायकों ने भी अपने एक महीने का वेतन बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय लिया है।

साथ ही कहा कि असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय से बाढ़ पीड़ित महिलाओं के लिए एक लाख 70 हजार मेखला चादर और 1.50 लाख मच्छरदानी भेजा गया है। इस बीच टीएमसी के एकमात्र विधायक शेरमान अली अहमद ने भी एक माह का वेतन देने की घोषणा की।

नई ऊर्जा से भरपूर युवाओं के नए विचार हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण - मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा से लेकर खेल, रोजगार से लेकर स्वरोजगार तक युवाओं के हर सपने को पूरा करने में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार पेपरलीक पर प्रभावी रोक, रिकॉर्ड सरकारी भर्तियों, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन तथा कौशल विकास के माध्यम से युवाओं का उज्ज्वल भविष्य बनाने में सहयोगी बन रही है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सपनों की उड़ान कार्यक्रम में युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि विचारशील, अनुशासित एवं संस्कारवान युवा विकसित भारत-विकसित राजस्थान के आधार हैं। युवा नए विचार और नई ऊर्जा से भरपूर होते हैं। हमारी सरकार युवाओं से संवाद कर बजट में उनके बहुमूल्य

निशाना साधा

अनुशासन, संस्कारों को आत्मसात करें और आत्मविश्वास के साथ उनके सपनों को साकार करें

सुझावों को शामिल करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को और बेहतर बनाने के लिए युवाओं के साथ इस तरह के संवाद बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार युवाओं के सुझावों पर विचार कर आगामी योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि माता-पिता बच्चों के सबसे पहले गुरु होते हैं, युवा उनसे सीख लेकर लगन, मेहनत, अनुशासन, संस्कारों को आत्मसात करें और आत्मविश्वास के साथ उनके सपनों को साकार करें।

एचपीवी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा का मजबूत सामाजिक कवच: आनंदीबेन

टीम एक्शन इंडिया

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को वाराणसी के सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर सरकार द्वारा संचालित एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण एवं 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वयं बालिकाओं को टीकाकरण के

उपरांत प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान आराध्या शाह, अदिति कुमारी, मिहिका, रोशनी पटेल, शबनम खातून एवं पलक को राज्यपाल द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। दीक्षांत

आधारशीला

स्वस्थ बेटी ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है

समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने वाला एक प्रभावी एवं सुरक्षित सामाजिक सुरक्षा कवच है। उन्होंने बालिकाओं एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा, ₹डरिए मत, आप सामना कीजिए। यह वैक्सीन आपकी सुरक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक शोधों से यह सिद्ध हो चुका है कि यह टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करने में सुरक्षित एवं प्रभावी है। उन्होंने अभिभावकों से किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रांति अथवा अनावश्यक आशंकाओं से दूर रहने तथा अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण कराने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने समाज में बेटों और बेटियों के बीच भेदभाव की मानसिकता समाप्त करने पर बल देते हुए कहा कि स्वस्थ बेटी ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है।

स्टेफ्री ने कियारा आडवाणी के साथ नया टेलीविजन कैंपेन

शिमला: पीरियड्स के दौरान लीकेज का डर हर पल महिलाओं को सताता रहता है,जिसके कारण उन्हें बार-बार अपने पैड चेक करने पड़ते हैं।महिलाओं की इस परेशानी को दूर करने के लिए भारत के अग्रणी मैंस्ट्रुअल हाईजीन ब्रांड, स्टेफ्री ने स्टेफ्री सिक्योर एक्स्ट्रा लार्ज पेश किया है। बेहतर स्टेफ्री सिक्योर एक्स्ट्रा लार्ज अपनी डबल लीक टेक्नोलॉजी के साथ 12 घंटे तक डबल प्रोटेक्शन प्रदान करता है। इसका आउटर बैरियर पैड चेंज अलर्ट* के रूप में काम करता है, जो पैड्स की श्रेणी में एक नया इनोवेशन है।

राज्यपाल बागडे से यूडीएच मंत्री खर्रा और चिकित्सा मंत्री खींवसर की शिष्टाचार भेंट

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को लोकभवन में प्रदेश के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने राज्यपाल बागडे का अभिवादन किया। यह भेंट शिष्टाचार मुलाकात के रूप में हुई।

नीतीश ने पूर्व सुरक्षा पदाधिकारी बसंत सिंह का जाना हाल

कुशलक्षेम

उपचाररत पूर्व सुरक्षा पदाधिकारी बसंत सिंह से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना

टीम एक्शन इंडिया

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) परिसर स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर (आईजीआईसी) पहुंचे। यहां उन्होंने उपचाररत पूर्व सुरक्षा पदाधिकारी बसंत सिंह से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुलाकात के दौरान नीतीश कुमार ने संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील कुमार से बसंत सिंह के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देने तथा मरीज को सभी आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। इस दौरान नीतीश कुमार ने अस्पताल में मौजूद लोगों से संक्षिप्त बातचीत भी की और उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। उनके साथ बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ भी मौजूद रहे।

एनडीए की बैठक से पहले मुख्यमंत्री शुभेंदु से मिले एनसीपीआई सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए राजनीतिक समीकरणों को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। लोकसभा सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने सोमवार रात राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से बंद कमरे में मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के सांसद मंगलवार को नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में शामिल होने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, करीब एक घंटे तक चली इस बैठक को राजनीतिक दृष्टि से

काफी अहम माना जा रहा है। हालांकि बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसे लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय या सुदीप बंद्योपाध्याय की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पहले नई दिल्ली जाकर एनसीपीआई के सांसदों से मुलाकात करने वाले थे, लेकिन उन्होंने अंतिम समय में अपनी यात्रा रद्द कर दी। इसके बाद उन्होंने कुछ वरिष्ठ एनसीपीआई सांसदों से फोन पर बातचीत कर

यात्रा टली

मुख्यमंत्री और पार्टी सांसदों के बीच प्रस्तावित बैठक फिलहाल टाल दी गई है

दिल्ली नहीं पहुंच पाने की जानकारी दी। एनसीपीआई के एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री और पार्टी सांसदों के बीच प्रस्तावित बैठक फिलहाल टाल दी गई है। हालांकि पार्टी के सभी सांसद तय कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को एनडीए की बैठक में हिस्सा लेंगे। हाल के दिनों में तृणमूल कांग्रेस से अलग होकर 20 सांसदों के एनसीपीआई में शामिल होने के बाद इस नई पार्टी की राजनीतिक सक्रियता लगातार बढ़ी है। इन सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर अलग संसदीय दल के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया था। साथ ही लोकसभा में एनडीए के सहयोगी दलों के साथ बैठने की भी मांग की थी, जिससे भाजपा नीत गठबंधन के साथ उनकी निकटता की चर्चा तेज हो गई। मानसून सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में भाग लेकर केंद्र की सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ अपने बढ़ते राजनीतिक संपर्क के संकेत दिए थे।

रायपुर : मुनगा बनेगा सुपोषित छत्तीसगढ़ का आधार : लक्ष्मी राजवाड़े

टीम एक्शन इंडिया

रायपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने प्रदेशवासियों से वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक मुनगा (सहजन) पौधे लगाने की अपील की है, ताकि कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण हो सके। विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों और घरों में ₹सुपोषण वृक्ष-मुनगा₹ अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों, किशोरियों और माताओं को स्थानीय पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि,

मुनगा, जिसे ₹मदर्स ट्री₹ कहा जाता है, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और विटामिन से भरपूर है और यह बच्चों के विकास, मातृ स्वास्थ्य तथा एनीमिया रोकथाम में अत्यंत उपयोगी है। सरकार पोषण सुधार को जनभागीदारी आधारित अभियान बना रही है। आंगनबाड़ी और घरों में मुनगा पौधरोपण से पोषण जागरूकता और दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। जनप्रतिनिधियों से अपील- मंत्री ने सांसदों, विधायकों, पंचायत प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्रों में मुनगा पौधरोपण का नेतृत्व करने का आग्रह किया। स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक पौधरोपण कर सुपोषण वाटिका विकसित करने पर जोर दिया।

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv

हिमाचल न्यूज

एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com

ऊना, 29 जुलाई 2026

सीएम ने राज्य अनुसूचित जाति आयोग को स्कोच अवार्ड-2026 के सेमीफाइनल में चयनित होने पर बधाई दी

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रतिष्ठित स्कोच अवार्ड-2026 के सेमीफाइनल के लिए चयनित होने पर हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग को बधाई दी है।

राज्य अनुसूचित जाति के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान, सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा, डॉ. विजय डोगरा तथा कुमारी शालिनी जम्वाल ने आज यहां मुख्यमंत्री से भेंट कर इस उपलब्धि के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि आयोग को 'अनुसूचित जातियों का कल्याण' विषय पर उल्लेखनीय कार्यों के लिए सेमीफाइनलिस्ट के रूप में मान्यता प्रदान की गई है तथा स्कोच ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह उपलब्धि राज्य में अनुसूचित जाति समुदाय के अधिकारों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों का प्रमाण है। यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य संस्थानों को भी जनकल्याण की दिशा में अधिक प्रतिबद्धता, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों एवं अधिकारियों की सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने तथा अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में उनके समर्पण और उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि आयोग भविष्य में भी इसी उत्साह, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करता रहेगा।

अंतरराष्ट्रीय एक्सपो-2026 में हिमाचल को मिला प्रथम पुरस्कार, फसल विविधीकरण मॉडल की हुई सराहना

चमन शर्मा

शिमला। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर एवं ऑर्गेनिक एक्सपो-2026 में हिमाचल प्रदेश बागवानी विभाग ने अपनी आधुनिक एवं वैज्ञानिक बागवानी प्रणाली, फसल विविधीकरण मॉडल तथा उच्च मूल्य वाली फसलों के प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। इस उपलब्धि से हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। बागवानी निदेशक डॉ. सतीश कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि पर विभागीय अधिकारियों, वैज्ञानिकों और प्रदेश के बागवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान हिमाचल के किसानों, वैज्ञानिकों और अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में देश-विदेश से आए किसानों, वैज्ञानिकों, कृषि विशेषज्ञों, उद्यमियों और नीति-निर्माताओं ने हिमाचल प्रदेश के स्टॉल का अवलोकन किया। डॉ0 सतीश शर्मा ने कहा कि इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी को जाता है जिनके मार्गदर्शन में प्रदेश में चलाए जा रहे फसल विविधीकरण अभियान का साक्षात परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अब केवल सेब राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि फल विविधीकरण, संरक्षित खेती और उच्च मूल्य वाली फसलों के माध्यम से फल राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश के बागवानी उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान मिलेगी।

चंबा में एक और बड़ा हादसा : एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत

हामिद खान

चंबा। पिछले लगातार चार दिनों से सड़क हादसों का सिलसिला चंबा में थमने का नाम ही नहीं ले रहा। अब ताजा भीषण हादसा मंगलवार अल सुबह पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग -154ए पर पेश आया, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा गांव लाहड़ और भटौली के बीच हुआ, जहां एक सफेद रंग की मारुति ऑल्टो के- 10 (नंबर एस पी -48 ए 8534 अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह परिवार चंडीगढ़ से अपने 3 माह के बच्चे को पीजीआई चंडीगढ़ से दिखाकर वापस अपने पैतृक गांव गैहरा (भरमौर) की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन लाहड़ के समीप पहुंचा, क्षेत्र में हो रही भारी बारिश और घने कोहरे के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण

खो बैठा, जिससे यह दुखद दुर्घटना घटित हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा अग्निशमन विभाग को सूचित किया। राहत एवं बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर सभी शवों को खाई से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल डलहौजी पहुंचाया, जहां प्रक्रिया जारी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मरने वालों में एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल है जिस में बच्चन सिंह 60 वर्ष पुत्र नारायण सिंह गांव तथा डाकघर गैहरा, उनका पुत्र रिपन सिंह 30 वर्ष, रिंपी देवी पत्नी रिपन सिंह 26 वर्ष, कीर्ति पुत्री केहर सिंह 23 वर्ष तथा 3 माह की बच्ची इस हादसे का शिकार हुई हैं।

इस भीषण हादसे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज सुबह पठानकोट-चंबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनीखेत के समीप लाहड़ में हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने आज हुई भारी वर्षा के कारण चंबा शहर के मोहल्ला सुल्तानपुर में आई अचानक बाढ़ की स्थिति का भी जायजा लिया।

हरे कृष्णा बोलने से मिलती है अंदरूनी ताकत व विश्वास : बाबा बाल जी

राजन पुरी

ऊना। श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज द्वारा गुरु पूजन के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को छठे दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बाबा बाल जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि हरे कृष्णा बोलने से जहां अंदरूनी ताकत मिलती है, वही साहस, विश्वास, समर्पण सेवा का भाव भी जागृत होता है। उन्होंने कहा कि हरे कृष्णा व्यक्ति को विनम्र बनाता है और श्रीकृष्ण से जोड़ने का काम करता है।

बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि वर्तमान में नई पीढ़ी को धर्म के साथ जोड़ने के लिए कथाओं में ले जाना जहां जरूरी है, वही धार्मिक स्थलों से जोड़ना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति, अपने संस्कार व अपने परिवार यह बहुत महत्व के हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम आधुनिककरण की ओर जा रहे हैं, वैसे वैसे परंपराओं को छोड़ रहे हैं, संस्कारों को छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जड़ों से जुड़ कर के रहना है, जो समाज अपनी जड़ों से जुड़ करके रहता है, वह निश्चित रूप से लंबे सफर तय कर लेता है।

उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान करें, बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें, सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने का काम करें, सेवा में हाथ बंटाएं, ऐसे कार्य करने से जहां व्यक्ति विनम्र होता है, वही कष्ट भी कम होते हैं। उत्तर भारत के विभिन्न इलाकों से आए हुए श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लिया। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने सबके मंगल व कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान कथा वाचक राधा दामोदार दास ने कहा कि जब हम संतों के कहे अनुसार भक्ति करते हैं, तो हमारे जन्म-जन्म के कर्म कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस संसार में कोई भी अपना नहीं है। श्री हरि के नाम के बिना कभी सुख की प्राप्ति नहीं की जा सकती।

गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर राज्यपाल ने बावा लाल जी ध्यानपुर धाम में शीश नवाया

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने लेडी गवर्नर बिंदु गुप्ता के साथ पंजाब स्थित श्रद्धेय बावा लाल जी ध्यानपुर धाम में माथा टेका तथा प्रदेश और देशवासियों के लिए शांति, समृद्धि एवं सभी के समृद्ध जीवन की कामना की।

इस अवसर पर कविन्द्र गुप्ता ने आशा व्यक्त की कि गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व सभी को विनम्रता, अनुशासन, श्रद्धा तथा समाज सेवा जैसे उच्च मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देगा।

संक्षिप्त खबरें

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने किया भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

हामिद खान

चंबा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भूस्खलन प्रभावित स्थानों का का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने पातका डलहौजी सड़क मार्ग पर गाहर दा घटु तथा नूरपुर सांझी - नाला - लाहडू - तुन्नू हट्टी मार्ग पर टिक्कर गला घार सहित कई अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कुलदीप सिंह पठानिया ने भारी वर्षा के कारण बाधित सड़क मार्गों की त्वरित बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग की कार्य प्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार 21 व 22 जुलाई की भारी बारिश से टिक्कर गला घार मे लगभग 200 मीटर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी तथा जिस तत्परता के साथ लोक निर्माण विभाग ने दिन-रात चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में सड़क मार्ग को बहाल किया है वह काबिले तारीफ है। विधानसभा अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एचपी डीआरआरपी के अंतर्गत पनियाला, टिक्कर गला के अतिरिक्त शाहपुर - सिंहुता - चुवारी रोड में विभिन्न भूस्खलन प्रभावित स्थानों में भूस्खलन की स्थाई रोकथाम के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाई जाए।

सिहाणा में सजा विधायक आपके द्वार कार्यक्रम

राजन पुरी

ऊना। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिहाणा में मंगलवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वही सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने करीब 97 लोगों की समस्याएं सुन मौके पर ही समाधान करवाया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्हें विधायक ने जनसमस्याओं के शीघ्र निपटारे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यकम के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पक्के रास्तों, लिंक सड़कों, कम वोल्टेज की समस्या, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे विधायक के समक्ष रखे। विधायक विवेक शर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए बताया कि जनता की सुविधा और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करे। शर्मा ने पंचायत के विकास को नई गति देते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।

रोमांचक मुकाबलों में 34 मराठा और हॉकी हिमाचल जीते

हामिद खान

चंबा। अंतर्राष्ट्रीय मिंजर महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के दौरान मंगलवार को पुरुष व महिला वर्ग में कई बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले गए। मैदान पर खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को बांधे रखा।

पुरुष वर्ग के पहले मैच में 34 मराठा ने एकतरफा खेल दिखाते हुए पीलीभीत को 3-0 से करारी शिकस्त दी।

दिन का दूसरा मुकाबला राजेश्वर क्लब और गुरदासपुर के क्लब ने 5-4 से बाजी मारी।

तीसरे मैच में हॉकी हिमाचल ने कड़े संघर्ष के बाद यंग हॉकी क्लब रामपुर को 1-0 से हराया। वहीं, चौथे मुकाबले में यंग ब्लू क्लब सुजानपुर ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए हॉकी हिम को 3-1 से पराजित किया। महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में कांटे की टक्कर देखने को मिली।

पहला सेमीफाइनल यूनाइटेड हॉकी क्लब नई दिल्ली और हॉकी चंबा के बीच खेला गया। रोमांच की हद तक पहुंचे इस मैच का फैसला भी पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए हुआ, जिसमें हॉकी चंबा की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट पक्का किया।

भटोली में ट्रक ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, पीजीआई रेफर

राजन पुरी

ऊना। संतोषगढ़-अजौली मार्ग पर भटोली कॉलेज के समीप एक अज्ञात ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले सीएचसी संतोषगढ़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक तुषार कुमार निवासी अजौली गत दिवस स्कूटी पर सवार होकर भटोली कॉलेज के समीप से गुजर रहा था। इस दौरान नंगल की ओर से आए एक ट्रक ने साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

पहाड़ी और बॉलीवुड तरानों पर जमकर झूमे दर्शक, मिंजर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में छाया संगीत का जादू

हामिद खान

चंबा। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली लोक कला और बॉलीवुड के खूबसूरत तरानों के नाम रही। इस सांस्कृतिक शाम में लोक गायक सुनील राणा, इंडियन आइडल फेम पार्श्व गायक अनुज शर्मा और गायक जितेंद्र पंकज शर्मा ने अपनी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक झूमते नजर आए।

सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ चंबा की पारंपरिक मुसादा गायन शैली के साथ हुआ। इसके बाद युवा कलाकार शिखर आर्या और मानव ने सुरीले गीत प्रस्तुत किए। नृत्यों की कड़ी में सावी ने एकल नृत्य तथा आर्या सिस्टर्स (सावी समूह, तनिका, श्रेया और याश्वी) ने शानदार समूह नृत्य पेश कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

वहीं, आदर्श कुमार, संजीव कुमार, डिंपल, सोनू कुमार, प्रिया कुमारी और अंकुर ने गीत प्रस्तुत किए। अनवी कालिया, मुमताज, मोनिका, अंकिता कुमारी, रूही, प्रिया और रिया ने अपने आकर्षक नृत्यों से महफिल में रंग भर दिया। निशांत चौणा की शिव प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया, जबकि शिव कुमार एंड पार्टी ने पारंपरिक कुंजड़ी मल्हार गाकर चंबा की लोक संस्कृति की झलक पेश की।

इंडियन आइडल फेम और प्रसिद्ध पार्श्व गायक अनुज शर्मा ने तेरी मेरी कहानी गीत से अपने कार्यक्रम का शानदार आगाज किया।

इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक हिट बॉलीवुड गीतों की झड़ी लगा दी—बिना तेरे न इक पल, हो या अली,ऐ दिल है मुश्किल, तेरी मेरी ढिकलू री जोड़ी जैसे गीतगकर पंडाल में मौजूद युवाओं को नाचने पर मजबूर करदया।

आंगनवाड़ी बेरी हटली में धूमधाम से मनाया गया बेटी जन्मोत्सव

राजन पुरी

ऊना। सर्किल धुंधला की ग्राम पंचायत धतोल के आंगनवाड़ी केंद्र बेरी हटली में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के जन्म का सम्मान करना, समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना तथा महिला सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत धतोल की प्रधान पूजा शर्मा, उपप्रधान राकेश कुमार, बीडीसी सदस्य संजीव कुमार, वार्ड सदस्य वंदना देवी सहित लगभग 65 महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर आठ नन्हीं बेटियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बालिका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। सभी प्रतिभागियों ने बेटियों के सम्मान और उनके सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती, उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

राजन पुरी

ऊना। विकास खंड बंगाणा की सभी ग्राम पंचायतों में अब ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर सख्ती बरती जाएगी। खंड विकास अधिकारी बंगाणा केएल वर्मा ने इस संबंध में सभी ग्राम पंचायतों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए इनके प्रभावी क्रियान्वयन के आदेश दिए हैं।

आदेशों के अनुसार प्रत्येक ग्राम सभा की बैठक में ठोस कचरा प्रबंधन, कचरे का स्रोत पर पृथक्करण और सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को अनिवार्य एजेंडा बनाया जाएगा। बीडीओ ने पंचायतों को व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत सोशल मीडिया, पोस्टर, पंपलेट, सूचना बोर्ड और सार्वजनिक बैठकों के माध्यम से लोगों को स्व%छता और प्लास्टिक प्रतिबंध के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों, युवक मंडलों और महिला मंडलों के सहयोग से भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निर्देशों में प्रत्येक परिवार को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने तथा पंचायत द्वारा निर्धारित उपयोगकर्ता शुल्क का नियमित भुगतान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। साथ ही पंचायतों को प्लास्टिक कचरे के संग्रहण और उसके अधिकृत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वर्मा ने स्पष्ट किया है कि पंचायत क्षेत्र में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार निरीक्षण, चालान और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

चंबा में कुदरत का कहर : आधी रात को मूसलाधार बारिश से ओबड़ी बना तबाही का गवाह, घरों में घुसा मलबा

हामिद खान

चंबा। जिला मुख्यालय चंबा और आसपास के इलाकों में बीती रात हुई भीषण मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। देर रात करीब 2:30 से 3:00 बजे के बीच अचानक शुरू हुई तेज़ बारिश के चलते जिला मुख्यालय का ओबड़ी (ओवड़ी) मोहल्ला तबाही का मुख्य गवाह बना।

पहाड़ियों से भारी मात्रा में बहकर आए मलबे और पत्थरों की आशंका से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और लोग रात के अंधेरे में ही जान बचाने के लिए अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। कई परिवारों ने पूरी रात खुले आसमान के नीचे खौफ के साए में गुजारी। आधी रात को आए इस जलप्रलय से नाले उफान पर आ गए। नालों का पानी और कीचड़ लोगों के घरों व दुकानों में घुस गया, जिससे घरेलू सामान और राशन पूरी तरह बर्बाद हो गया। स्थानीय निवासी पूरी रात बर्तन व बाल्टियों से पानी निकालने और अपना बचा-खुचा सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने में जुटे रहे। सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियां मलबे, जलभराव और उखड़े हुए पेड़ों के नीचे दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। कई प्रभावित क्षेत्र का चंबा सदर विधायक नीरज नायर ने दौरा कर हालात काजायजा लिया रेस्क्यू और तेज करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए। ग्राम पंचायत द्रम्मन के तहत आने वाले ओबड़ी से सरोड़ी संपर्क मार्ग की हालत बेहद खस्ता हो गई है। पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण बड़े-बड़े पत्थर सड़क किनारे बने घरों पर आ गिरे, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है। सड़क पर कई फीट मलबा जमा होने से यातायात पूरी तरह से ठप है।

सुबह के समय दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री ले जाने वाले वाहन चालकों, स्कूल जाने वाले बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग रास्ते में ही घंटों फंसे रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मार्ग से तुरंत मलबा हटाकर यातायात बहाल किया जाए।

बारिश का तांडव सिर्फ ओबड़ी तक सीमित नहीं रहा। भारी बारिश से सुल्तानपुर, परेल, सरोल, सरोड़ी और हरिपुर क्षेत्रों में भी भारी तबाही देखने को मिली है। कई जगहों पर पैदल चलने वाले रास्ते बह गए हैं और बिजली-पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।

जिला प्रशासन ने कहाह किबीती रात की बारिश ने चंबा में जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। घरों में पानी घुसने से लोगों का सामान खराब हुआ है और कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं।